

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 302 | ग्वालियर, बुधवार 23 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### 1200 फीट की ऊंचाई पर फंसे 8 लोग, सेना ने संभाला मोर्चा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एयरलिफ्ट की केबल टूटने की वजह से 1200 फीट की ऊंचाई पर 6 छात्रों समेत 8 लोग फंस गए हैं. पाकिस्तानी सेना का हेलीकॉप्टर इन लोगों को बचाने के लिए पहुंचा. बताया जा रहा है कि पाक सेना ने बड़ी सावधानी से सभी लोगों को बचा लिया है. हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले लग रहा था कि ये बच्चे नहीं बच पाएंगे, लेकिन पाकिस्तान सेना ने इन्हें सुरक्षित बचा लिया है. सेना के बचाव अभियान को लेकर वीडियो भी सामने आए हैं. खैबर पख्तूनख्वा के बटग्राम जिले में मंगलवार को 6 बच्चे और 2 शिक्षक एयरलिफ्ट से स्कूल जा रहे थे. करीब 1200 फीट की ऊंचाई पर एयरलिफ्ट का एक केबल टूट गया, जिसमें सभी लोग फंस गए. हवा में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे इन लोगों को बचाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने राज्य सरकार और पाकिस्तान सेना से संपर्क किया. इसके बाद पाकिस्तान सेना का स्पेशल सर्विस ग्रुप (स्स्त्र) बचाव अभियान में जुट गया. एसएसजी के जवानों ने हेलीकॉप्टर की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया है. ये एयरलिफ्ट पहाड़ों के बीच में फंसा था. पाकिस्तान सेना के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट को फंसा गया और फिर उसे हवा में उड़ाते हुए जमीन पर पहुंचाया गया है. वीडियो में पाकिस्तान सेना का बचाव अभियान कैद हो गया है. इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली.

### प्रकाश राज के खिलाफ एफआईआर दर्ज

आपको बता दें कि, 20 अगस्त को एक्टर ने बनियान और लुंगी पहने और चाय पीते हुए एक आदमी का कार्टून शेयर किया था और इसे कैप्शन दिया था, ्तविक्रमलैंडर द्वारा चंद्रमा से आने वाली पहली तस्वीर. कई यूजर्स ने उन पर भारत के प्राउड चंद्रमा मिशन का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया. कई यूजर्स तुरंत कमेंट सेक्शन में चले गए और चंद्रयान -3 मिशन का मजाक उड़ाने के लिए उनकी निंदा की. कई लोगों ने यह भी बताया कि यह पोस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के प्रति उनकी अंधी नफरत के कारण है. गौरतलब है कि प्रकाश राज ने पिछले दिनों चायवाला पर तंज कसा था. पोस्ट के वायरल होने के बाद प्रकाश राज को यूजर्स की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा. हालाँकि, अभिनेता इससे कोई फर्क नहीं पड़ा. एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, नफरत सिर्फ नफरत देखती है. मैं ्तआर्मस्ट्रांग के समय के एक चुटकुले का जिक्र कर रहा था. हमारे केरल चायवाला का जश्न मना रहा हूं. आपने किस चायवाले को देखा. अगर आपको जोक समझ नहीं आया तो जोक आप पर ही है. बड़े हो जाओ ्तजस्टअस्किंग.

### शादी के दो महीने बाद प्रेमी के साथ मिलकर करवा दी थी पति की हत्या, दोनों को उम्रकैद



**रांची।** झारखंड के हजारीबाग की जिला अदालत ने एक व्यक्ति की हत्या में उसकी पत्नी और प्रेमी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर शादी के 61वें दिन ही पति की चाकू घोंपकर और पत्थर से कूचकर हत्या करवा दी थी। वारदात हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुई थी। गिद्दी जिले के चुंबा की रहने वाली कंचन कुमारी और विकास कुमार की अरेंज मैरेज हुई थी, लेकिन कंचन का शिवानंद प्रसाद नामक युवक के साथ पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पहले उसने शिवानंद का परिचय अपने पति विकास से कराया। फिर एक दिन शिवानंद ने विकास को बुलाकर शराब पिलाई और इसके बाद चाकू से मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, उसका चेहरा पत्थर से कूच दिया। पुलिस ने विकास का शव हजारीबाग के सिंघानी में सड़क के पास बरामद किया था। विकास के पिता सुभाष चंद्र प्रसाद के लिखित बयान के आधार पर मुफस्सिल थाने में अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस तहकीकात के दौरान मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने अदालत में चार्जशीट सौंपी। न्यायालय में अभियोजन की आर से 11 गवाहों के बयान दर्ज कराया। इसके साथ छह सबूत कोर्ट के समक्ष पेश किए गए। इसमें एफएसएल रिपोर्ट भी शामिल है। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने भारतीय दंड विधान की धारा 302 एवं 34 के तहत कंचन कुमारी और उसके प्रेमी शिवानंद प्रसाद को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और दस-दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर दोनों दोषियों को दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### झारखंड में जूनियर इंजीनियर परीक्षा का पेपर लीक करने का मास्टरमाइंड बिहार से गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति परीक्षा का पेपर लीक करने के मास्टरमाइंड दीपक श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बिहार के नालंदा जिला अंतर्गत सिलाव थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में छिपा था। झारखंड से गई पुलिस टीम ने बिहार पुलिस की मदद से उसे पकड़ा। उसकी गिरफ्तारी के दौरान गांव के कई लोगों ने विरोध भी किया। बिहारशरीफ सिविल कोर्ट में पेशी के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जा रहा है।

## दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुए पीएम मोदी


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो गए. जहां वह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में चलेगा. लगभग चार साल बाद पहली बार ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के नेता एक मंच पर दिखाई देंगे. बता दें कि 2019 के बाद कोरोना महामारी के चलते लगाए गए वैश्विक प्रतिबंधों की वजह से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन नहीं हो पाया. पीएम मोदी 22 से 24 अगस्त के तक जोहान्सबर्ग में रहेंगे. इस दौरान उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी हो सकती है. शिखर सम्मेलन के बाद अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग का आयोजन होगा. जिसमें दक्षिण अफ्रीका की ओर से आमंत्रित अन्य देशों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा. इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी कर सकते हैं. दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस की अपनी यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बयान में कहा, मैं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाले 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर 22-24 अगस्त 2023 तक दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर रहूंगा. मैं जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ



नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के लिए भी उत्सुक हूं. वहीं अपनी ग्रीस यात्रा को लेकर पीएम मोदी ने कहा, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के न्योते पर मैं 25 अगस्त 2023 को एथेंस की यात्रा करूंगा. इस प्राचीन भूमि की यह मेरी पहली यात्रा होगी. मुझे 40 वर्षों के बाद ग्रीस की यात्रा करने वाला पहला भारतीय प्रधानमंत्री होने का सम्मान प्राप्त हुआ है. वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका नहीं जा रहे हैं वह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे. जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे. इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी हो सकती है. इस बारे में विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि, जोहान्सबर्ग से, पीएम मोदी ग्रीस जाएंगे, जहां वह दोनों देशों के बीच समग्र संबंधों को विस्तार देने पर पीएम क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ व्यापक बातचीत करेंगे. वहीं मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावना के बारे में क्वात्रा ने कहा कि पीएम का कार्यक्रम अभी भी तैयार किया जा रहा है. दोनों के बीच मुलाकात की संभावनाएं हैं. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का एजेंडा इस बार राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक समन्वय के क्षेत्रों पर केंद्रित होगा. इसमें सभी सदस्य देश व्यापार के अवसर के अलावा, आर्थिक आपूर्ति और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान के बारे में बातचीत करेंगे. वहीं ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में दक्षिण अफ्रीका पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत विकास और समावेशी बहुपक्षवाद पर ध्यान केंद्रित करेगा. जिसमें वैश्विक संस्थानों में सुधार और शांति प्रक्रियाओं में महिलाओं की सार्थक भागीदारी को मजबूत करना भी शामिल है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, अल्जीरिया, मिस्र और इथियोपिया समेत 40 से ज्यादा देशों ने ब्रिक्स समूह में शामिल होने में रुचि दिखाई है. इसके साथ ही इस बार सम्मेलन ब्लॉक के विस्तार पर चर्चा होने की भी संभावना है.

## चंद्रयान-3 की सफलता के लिए देशभर में दुआ और प्रार्थना कर रहे लोग

**नई दिल्ली।** भारत का चंद्रयान-3 बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने के लिए तैयार है. 23 अगस्त की शाम 6.04 बजे इसरो बुधवार को यहां सुबह 8 बजे से हनुमान जी से विशेष प्रार्थना की जाएगी, जिससे चंद्रयान-3 सुरक्षित रूप से चांद पर लैंडिंग कर सके.



चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग कराएगा. भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर की नजर इस पर टिकी हुई हैं. यही नहीं चंद्रयान 3 की सफलता को लेकर देश में प्रार्थना, पूजा-पाठ और दुआओं का दौर शुरू हो गया है. चंद्रयान-3 की सफलता के लिए वाराणसी के हनुमान मंदिर में पूजा पाठ किया जा रहा है. इसके अलावा वाराणसी में मैदागिन क्षेत्र के भारतेंदु पार्क स्थित श्री मंसापूरण हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा. मिशन की सफलता के लिए हनुमान जी से विशेष प्रार्थना की जाएगी. इस दौरान यहां बड़ी संख्या में हनुमान भक्त पहुंचेंगे और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे. यही नहीं यूपी की राजधानी लखनऊ में भी चंद्रयान-3 की सफलता के लिए लोग दुआएं कर रहे हैं. 23 अगस्त को होने की लैंडिंग के लिए लखनऊ के इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में लोगों ने नमाज अदा की और चंद्रयान-3 की सफलता दे लिए दुआ मांगी. इसरो का चंद्रयान-3 कल यानी बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करेगा. चंद्रयान 3 की सफलता पर पूरी दुनिया नजरें टिकी हुई है. 23 अगस्त की शाम साढ़े पांच बजे के बाद से साढ़े छह बजे के बीच चंद्रयान 3 का लैंडर विक्रम चांद की सतह पर उतरेगा. बता दें कि लैंडर पूरी तरह से ऑटोमैटिक है ऐसे में चांद की सतह पर पहले लैंडर खुद जगह की तलाश करेगा और उसके बाद सतह पर लैंड करेगा. भारत के चंद्रया 3 की सबसे खास बात ये है कि ये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव लैंड करेगा. जहां आज तक दुनिया का कोई देश अपने मिशन को नहीं भेज पाया है.

### दिल्ली नाबालिग रेप केस : क्या आरोपी पति-पत्नी भागने की फिराक में थे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को मिले एक सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ है कि नाबालिग से बलात्कार के आरोपी निलंबित अधिकारी ने गिरफ्तार होने से कुछ घंटे पहले पत्नी के साथ घर से भागने की कोशिश की थी। दरअसल, सोमवार सुबह 9.35 बजे के टाइम स्टैम्प वाले फुटेज में दिल्ली सरकार की महिला एवं बाल विकास विभाग में काम करने वाले 51 वर्षीय आरोपी उप निदेशक प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी सीमा रानी बुराड़ी स्थित शक्ति एन्क्लेव



के अपने घर से निकलते हुए दिखाई दिए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि दंपत्ति अपने वकील के संपर्क में थे और अदालत से अग्रिम जमानत लेने जा रहे थे। इससे पहले कि दोनों ऐसा कर पाते, प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रेमोदय खाखा पर 2020 से 2021 के बीच 12वीं क्लास की छात्रा से बार-बार रेप करने का आरोप है। पीड़िता की आरोपी से मुलाकात एक चर्च में हुई थी। पुलिस के मुताबिक2020 में अपने पिता के निधन के बाद पीड़िता डिप्रेशन में आ गई थी। आरोपी पीड़िता को मदद के बहाने अपने घर ले गया। लड़की ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2020 से फरवरी 2021 के बीच जब वह बुराड़ी में रहने वाले अपने अभिभावक के साथ थी, तब उसके साथ कई बार बलात्कार हुआ। आरोपी और उसकी पत्नी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के साथ बलात्कार की प्राथमिकी दर्ज की गई। सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेमोदय खाखा को निलंबित करने का आदेश पारित कर दिया था। पुलिस के मुताबिक जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। जब उसने प्रेमोदय खाखा की पत्नी को आपबीती सुनाई तो उसने अपने बेटे को गर्भपात की गोलियां खरीदने के लिए भेजा। गोलियां पीड़िता को दी गई थी। लड़की का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### कर्नाटक में महिला छात्रावास परिसर में अश्लील हरकत करने पर युवक गिरफ्तार

**कोडागु (कर्नाटक)।** कर्नाटक पुलिस ने मंगलवार को कोडागु जिले के मदिकेरी शहर में एक मेडिकल कॉलेज के महिला छात्रावास के परिसर में अश्लील हरकत करने के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मडिकेरी के कट्टाले काडू निवासी 22 वर्षीय सिजिल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अपनी बाइक पर आता था और छात्रावास में युवतियों को परेशान करता था और अक्सर अश्लील हरकतें करता था, इससे वहां निवासियों में भय और दहशत हो गया था। कॉलेज के छात्रों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। छात्रों के मुताबिक, पुलिस गश्त नहीं होने के कारण एक ग्रुप ऐसा था, जो इस तरह की अश्लील हरकतें कर रहा था। सीसीटीवी कैमरे में उनकी अश्लील हरकतें कैद हो गई हैं और मांग की गई है कि फुटेज में दिख रहे अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाए। विरोध के बाद मदिकेरी पुलिस आरोपी व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। छात्राओं ने पहले भी अश्लील हरकतों की शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्राओं ने आरोप लगाया कि चूंकि छात्रावास की सड़क सुनसान है, इसलिए उन्हें अक्सर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

## ईडी ने राजस्थान पेपर लीक के आरोपियों की तीन करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ग्रेड टू शिक्षक भर्ती परीक्षा मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल कार्यालय ने कुछ आरोपियों की 3.11 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त कर लिया है। सोमवार को जिन आरोपियों की संपत्ति कुर्क की गई उनमें बाबूलाल कटारा, सुरेश कुमार बिश्नोई, भूपेन्द्र सारण और शेर सिंह मीना समेत अन्य शामिल हैं। संपत्तियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्चिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के तहत जब्त किया गया। मामले में राजस्थान पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के बाद ईडी ने अपनी जांच शुरू की। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा, हमारी जांच से पता चला कि आरोपी ने पेपर लीक किया था।




ईडी ने करोड़ों रुपये के लेनदेन और उन्हें आगे बेचने को आधार मानते हुए पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि कटारा ने सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 2022 का सामान्य ज्ञान का पेपर लीक कर मीना को दे दिया था। मीना ने लीक हुआ पेपर आगे सारण और सुरेश ढाका को बेच दिया। फिर दोनों ने पेपर देने के लिए प्रत्येक उम्मीदवार से 8 से 10 लाख रुपये लिए। लीक हुआ पेपर उदयपुर में 150 और जयपुर में 30 अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया था। पेपर लीक में करीब 18 करोड़ रुपये के लेनदेन की बात सामने आई है। शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोपी कथित तौर पर अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक रैकेट का हिस्सा रहे हैं। वे अन्य भर्ती परीक्षाओं में डमी उम्मीदवारों का उपयोग करके धोखाधड़ी करने में भी शामिल रहे हैं। वहीं, आरोपियों की कई और संपत्तियां जांच एजेंसी के रडार पर हैं। सूत्रों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद कुछ अन्य लोगों की संपत्ति भी कुर्क की जा सकती है। आरपीएससी ने 21, 22 और 24 दिसंबर, 2022 को राज्य भर के केंद्रों पर वरिष्ठ शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी।

### ऑपरेशन हस्तः कर्नाटक में कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक नेताओं को नहीं रोकेगी बीजेपी

**बेंगलुरु।** भाजपा की कर्नाटक इकाई को निर्देश दिया गया है कि वह उन पार्टी नेताओं को न रोके, जो राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। कांग्रेस नेता दावा कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले ऑपरेशन हस्त के जरिए करीब 10 से 15 बीजेपी नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे. सूत्रों के मुताबिक पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक एस.टी सोमशेखर और पूर्व मंत्री भाजपा विधायक शिवराम हेब्बार कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। बड़ी संख्या में कांग्रेस में शामिल सोमशेखर के समर्थकों ने दावा किया कि सोमशेखर का कांग्रेस में शामिल होना महज एक औपचारिकता है। सूत्रों ने बताया कि हेब्बार बीजेपी नेतृत्व से नाराज हैं और उनके जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने की भी संभावना है। दोनों नेता 2019 में कांग्रेस से ऑपरेशन लोटस के जरिए बीजेपी में शामिल हुए थे। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ वरुणा और चामराजनगर सीटों से विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री वी. सोमन्ना भी कांग्रेस में जाने पर विचार कर रहे हैं। सोमन्ना प्रदेश अध्यक्ष पद के आकांक्षी हैं और कहा जा रहा है कि इस संबंध में पार्टी का निर्णय होने के बाद ही वह निर्णय लेंगे। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों बी.एस. येदियुरप्पा, बसस्वराज बोम्मई, डी.वी.सदानंद गौड़ा, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति वाली कोर कमेटी की बैठक में उन नेताओं को नहीं रोकने का निर्णय लिया गया, जो भगवा पार्टी छोड़ना चाहते हैं। नेताओं ने कहा कि एक बार पार्टी के नेतृत्व की घोषणा हो जाने के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा। भाजपा कैडर आधारित पार्टी है और अगर नेता पार्टी छोड़ने का फैसला करते हैं, तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।

## नीतीश के फॉर्मूले पर एमपी चुनाव में कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में भले ही विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन राजनीतिक दलों की तैयारियां जोरों पर है. कांग्रेस ने चुनावी दांव करते हुए बड़ा दाव चल दिया है. कांग्रेस मध्य प्रदेश में बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई वाले गठबंधन वाला दांव का ऐलान किया है. कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो जातीय जनगणना कराएंगे. बता दें कि साल के आखिरी में प्रदेश में चुनाव है. चुनाव जीतना कांग्रेस और बीजेपी के लिए नाक की प्रतिष्ठा बना हुआ है. सत्ता से बेदखल करने के लिए कांग्रेस लगातार बीजेपी पर हमलावार है. सागर में आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है तो जातीय जनगणना कराई जाएगी. इसके अलावा खड़गे ने कई चुनावी ऐलान किए. इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ समेत कई अन्य दिग्गज नेता मंच पर मौजूद थे. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मध्य प्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा. महिलाओं को हर



महीने 1500 रुपये दिए जाएंगे. वहीं, 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा. उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी. इतना ही नहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अगर राज्य में अगर कांग्रेस को आप लोग सेवा करने का मौका देते हैं तो निश्चित तौर से हम जातिगत जनगणना भी कराएंगे. दरअसल, भारत में हर 10 साल में जनगणना की जाती है, लेकिन पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना भी चर्चा में है. जातीय जनगणना से जनता की जाति, धर्म और संप्रदाय के साथ ही उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति की भी जानकारी मिलती है. भारत में हर 10 साल में जनगणना की जाती है. इसके जरिए सरकार को विकास योजनाओं की ब्लू प्रिंट तैयार करने में मदद मिलती है. बिहार में नीतीश कुमार की गठबंधन सरकार ने जातिगत जनगणना करा रही है. हालांकि, पटना हाई कोर्ट में याचिका लगने के बाद जातिगत जनगणना पर कुछ समय के लिए ब्रेक लग गया था, हालांकि, हाई कोर्ट ने फिर से जातिगत जनगणना करने का आदेश जारी कर दिया. राज्य में फिर से जातिगत जनगणना जारी है.

# स्नेह यात्रा दे रही है समाज को जोड़ने का संदेश: पूज्य स्वामी ब्राह्म योगानंद

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- समाज के विभिन्न वर्गों में आपसी समन्वय एवं भाईचारा की भावना को लेकर मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जनसहभागिता के माध्यम से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में स्नेह यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में आज शिवपुरी विकास खंड के ग्राम करई, गगोरा, धुवानी, नया बलारपुर, बूढ़ी बरोद, सिरसौद, हाजीखेडी, बागोदा, सेमरी, मुंडेरी में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत सत्कार किया। यात्रा के सातवें दिवस का प्रारम्भ आदिवासी बस्ती करई में पूज्य स्वामी ब्राह्म योगानंद जी के सानिध्य में रक्षा सूत्र एवं तिलक लगाकर किया गया। जनसंवाद स्थल ग्राम बूढ़ी बारोद में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूज्य स्वामी जी द्वारा बताया गया कि हम सब लोग मिलजुल कर एक साथ भाईचारे के साथ रहे ऐसी भावना के साथ परस्पर प्रेम एवं भाईचारा




बना रहे यह संदेश देने के लिए यात्रा निकाली जा रही है। हम सब मिल जुलकर एक सूत्र में बंध कर रहेंगे, तभी हमारा देश उन्नति के शिखर पर आसीन होगा और हमारा भारत विश्वगुरू बनेगा। जनसंवाद के उपरांत यात्रा का ग्राम सिरसौद, हाजीखेडी, बागोदा, सेमरी में भजन कीर्तन, जनसंपर्क रक्षा सूत्र एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यात्रा में जिला समन्वयक डॉ.रीना शर्मा द्वारा यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा 16 अगसत से प्रारंभ होकर 26 अगस्त को पूर्ण होगी। यात्रा में नवांकुर संस्था प्रतिनिधि उत्तम धाकड़, वीरेन्द्र सिंह रावत, धीरेन्द्र राजपूत, अशोक शर्मा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, नरेश धाकड, आनंद धाकड़, सोवरन धाकड़, मुकेश वर्मा, रतनसिंह जाटव, मुकेश मौर्य, नरेस कुशवाह, सत्यनारायण, हरिओम शर्मा, परामर्शदाता पदमा शिवहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## स्नेह यात्रा दे रही है समाज को जोड़ने का संदेश: पूज्य स्वामी ब्राह्म योगानंद

### विकासखंड शिवपुरी में जगह-जगह हुआ स्नेह यात्रा का भव्य स्वागत

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे




शिवपुरी- समाज के विभिन्न वर्गों में आपसी समन्वय एवं भाईचारा की भावना को लेकर मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जनसहभागिता के माध्यम से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में स्नेह यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में आज शिवपुरी विकास खंड के ग्राम करई, गगोरा, धुवानी, नया बलारपुर, बूढ़ी बरोद, सिरसौद, हाजीखेडी, बागोदा, सेमरी, मुंडेरी में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत सत्कार किया। यात्रा के सातवें दिवस का प्रारम्भ आदिवासी बस्ती करई में पूज्य स्वामी ब्राह्म योगानंद जी के सानिध्य में रक्षा सूत्र एवं तिलक लगाकर किया गया। जनसंवाद स्थल ग्राम बूढ़ी बारोद में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूज्य स्वामी जी द्वारा बताया गया कि हम सब लोग मिलजुल कर एक साथ भाईचारे के साथ रहे ऐसी भावना के साथ परस्पर प्रेम एवं भाईचारा बना रहे यह संदेश देने के लिए यात्रा निकाली जा रही है। हम सब मिल जुलकर एक सूत्र में बंध कर रहेंगे, तभी हमारा देश उन्नति के शिखर पर आसीन होगा और हमारा भारत विश्वगुरू बनेगा। जनसंवाद के उपरांत यात्रा का ग्राम सिरसौद, हाजीखेडी, बागोदा, सेमरी में भजन कीर्तन, जनसंपर्क रक्षा सूत्र एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यात्रा में जिला समन्वयक डॉ.रीना शर्मा द्वारा यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा 16 अगसत से प्रारंभ होकर 26 अगस्त को पूर्ण होगी। यात्रा में नवांकुर संस्था प्रतिनिधि उत्तम धाकड़, वीरेन्द्र सिंह रावत, धीरेन्द्र राजपूत, अशोक शर्मा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, नरेश धाकड, आनंद धाकड़, सोवरन धाकड़, मुकेश वर्मा, रतनसिंह जाटव, मुकेश मौर्य, नरेस कुशवाह, सत्यनारायण, हरिओम शर्मा, परामर्शदाता पदमा शिवहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## जनजागरूकता हेतु गाजरघास सप्ताह का आयोजन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-भा.कृ.अनु.प.-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर के निर्देशों के अनुपालन में पूरे देश में 18वां गाजरघास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त के दौरान मनाया गया। जिसमें गाजरघास के हानिकारक प्रभावों तथा नियंत्रण एवं उन्मूलन के बारे में जानकारी बतलाई जा रही है। इसी क्रम में रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. ग्वालियर के कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी द्वारा जनसमुदाय को 16 अगस्त को शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम रामपुर में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार के नेतृत्व में अभियान शुरू करते हुए ग्रामीणों, कृषकों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सहभागिता में संगोष्ठी कर जानकारी दी गई एवं गाजरघास नियंत्रण का विधि प्रदर्शन भी कराया गया।

गतदिनों विभिन्न ग्रामों में डेहरवारा, मड़ीखेड़ा एवं राजगड़ के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में भी गाजरघास जागरूकता अभियान चलाया गया। 20 अगस्त 2023 को कृषि आदान के डिप्लोमा कार्यक्रम में जुड़े जिले के कृषि आदान विक्रेताओं को भी कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में गाजरघास के बारे में विस्तार से जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा दी गई। अभियान अंतर्गत अगले दिन 21 अगस्त



को ग्राम खरई तेंदुआ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ केन्द्र के वैज्ञानिकों ने एक जनजागरूकता रैली का भी आयोजन किया। गाजरघास का स्वभाव- यह एक वर्षीय शाकीय पौधा है जो मुख्यतः बीजों से फैलता है। जिसमें लगभग 5 से 25 हजार बीज प्रति पौधा पैदा करने की क्षमता होती है। बीज अपने हल्के वजन के कारण हवा, पानी और मानवीय गतिविधियों द्वारा आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच जाते हैं। गाजरघास के हानिकारक प्रभाव- सबसे अधिक खतरनाक खरपतवारों में गिना जाता है। क्योंकि यह मनुष्यों और पशुओं में त्वचा रोग, अस्थमा और ब्रोकाइटिस जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। इसके सेवन से पशुओं में अत्यधिक लार और दस्त के साथ मुंह में छाले हो जाते हैं और वनस्पति प्रदूषण भी होता है।

### गाजरघास नियंत्रण के उपाय

गाजरघास नियंत्रण के लिए सामुदायिक पहल की आवश्यकता है जिससे अपने आस-पास से गाजरघास को मुक्त रख सकें। गाजरघास में फूल आने से पहले इस खरपतवार को हाथों में दस्ताने पहनकर उखाड़कर वर्मीकम्पोस्ट बना लें। गाजरघास को विस्थापित करने के लिए चकोड़ा, गेंदा, चौलाई जैसे स्व-स्थाई प्रतिस्पर्धी पौधों की प्रजातियों के बीज छिड़काव करें। जुलाई-अगस्त के दौरान गाजरघास संक्रमित क्षेत्रों में जैविक कीट जाइगोग्रामा बाइकोलोराटा को छोड़ें। अकृषित क्षेत्रों में संपूर्ण वनस्पति नियंत्रण के लिए ग्लोइफोसेट (1-1.5 प्रतिशत) शाकनाशी का छिड़काव करें और मिश्रित वनस्पति में गाजरघास के नियंत्रण हेतु मेट्रिब्यूजिन (0.3-0.4 प्रतिशत) या 2, 4-डी (1 से 1.5 प्रतिशत) का छिड़काव फूल आने से पहले करें ताकि घास कुल के पौधों को बचाया जा सके। फसलों में शाकनाशियों के प्रयोग से पहले खरपतवार वैज्ञानिक से परामर्श अवश्य कर लेना चाहिए। स्वच्छ भारत अभियान के एक घटक के रूप में इस गतिविधि में भाग लेने और गाजरघास मुक्त परिसर सुनिश्चित करने की अपील करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ.शैलेन्द्र सिंह कुशवाह नोडल ऑफिसर के समन्वय में केन्द्र के वैज्ञानिकों डॉ.एम.के.भार्गव, जे.सी.गुप्ता, डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ.ए.एल. बसेड़िया, डॉ. एन.के.कुशवाहा, वाय.सी.रिखाड़ी, विजय प्रताप सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

## युवा वर्ग समाज विकास के लिए हमेसा तत्पर: राजेश गुप्ता

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**भोपाल-** गुप्ता एकता मंच श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज समिति का महाकुंभ इस बार मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित किया।यह कार्यक्रम विदिशा शहर के वृन्दावन वाटिका पैलेस में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।गुप्ता एकता मंच के इस महाकुंभ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राजेश गुप्ता जबलपुर(संरक्षक गुप्ता एकता मंच,राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज),डॉ.राकेश गुप्ता(संस्थापक),विशिष्ठ अतिथि के रूप में ब्रज गुप्ता(मप्र अध्यक्ष),अशोक राजा गुप्ता भोपाल,अमित

### गुप्ता एकता मंच के शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों ने ली शपथ

गुप्ता मोनू(सह संगठन मंत्री),कोषाध्यक्ष जगदीश गुप्ता,योगेश गुप्ता(प्रदेश उपाध्यक्ष),आनन्द गुप्ता(प्रदेश महामंत्री),राजेश गुप्ता हरई,शुभम गुप्ता(युवा प्रदेश अध्यक्ष),अर्पित गुप्ता(युवा प्रदेश प्रभारी),व सम्मानीय अतिथि के रूप में सारिका गुप्ता(प्रदेश अध्यक्ष महिला मंडल),उषा गुप्ता(संगठन मंत्री)मुख्य रूप से मौजूद रहीं।आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्यातिथि के द्वारा भगवान श्री राम के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर विधिविधान से उनकी पूजा अर्चना की गई।तदोपरांत सभी के मस्तिक पर तिलक लगाया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम के शुरुआती दौर में सबसे पहले मौजूद अतिथियों ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को अपना परिचय दिया व पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया।इसके बाद कार्यक्रम अतिथियों का शॉल श्रीफल भेंट गुप्ता एकता मंच द्वारा सम्मान किया गया।तदोपरांत मुख्य अतिथि व प्रदेशाध्यक्ष का बौधिक सत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिस दौरान संरक्षक राजेश गुप्ता जबलपुर ने कहा कि युवा वर्ग समाज के विकास के लिए हमेशा से ही किसी न किसी रूप में तत्पर रहा है।आज का युवा इस बात को समझ चुका है कि यदि समाज के लिए कुछ करना है तो सबसे पहले जो कार्य वह कर रहा है उसे पूर्ण लगन व निष्ठा से करे।यदि वह अपने द्वारा किए जाना वाला कार्य ईमानदारी एवं ठीक प्रकार से करता है,तो वह समाज के विकास में ही सहयोग कर रहा है।इसके अलावा अपने घर व समाज को बेहतर दिशा देने के लिए उसे अपनी विचारधारा में भी थोड़ा बदलाव लाने की जरूरत है,क्योंकि देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है।युवाओं की सोच देश व समाज के प्रति लगातार बदल रही है।उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं और समाज मेरी कभी भी कोई भी आवश्यकता पड़े तो मैं खुद को बड़ा सौभाग्यशाली समझूंगा।वहीं संस्थापक डॉ.राकेश गुप्ता ने कहा कि समाज की मजबूत



नींव हम तभी रख सकते हैं,जब हम अपने व्यक्तित्व में अच्छे गुणों का समावेश करें।समाज के लिए कुछ करते वक्त यह न सोचें कि यह काम मैं ही क्यों करूं।इस भावना को अपने भीतर से समाप्त कर युवाओं को आज अपने करियर के साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ करने का जज्बा लेकर आगे बढ़ना होगा,तभी एक बेहतर कल का निर्माण हो सकेगा।आज के प्रतिस्पर्धा वाले युग में युवाओं का बचपन से जवानी तक का समय सिर्फ करियर की सोच तक ही सीमित रह जाता है।मैं चाहता हूँ कि युवा समाज व सामाजिक स्तर पर भी आगे बढे और देश व समाज का नाम रोशन करें।ब्रज गुप्ता ने कहा कि युवाओं को समझना होगा कि जिस देश और समाज के चलते आज वह स्थापित हुए हैं,उसके प्रति भी उनकी कुछ जिम्मेदारी बनती है।हमें यह सोचना चाहिए कि देश व समाज तरक्की करेगा,तो हमारा भी नाम होगा।युवा होने के नाते हमें समाज के ऐसे वर्ग का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का प्रयास करना चाहिए, जो भिन्न-भिन्न कारणों से पिछड़ा हुआ है। लदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है,परन्तु धन की कमी के चलते उनका विकास नहीं हो पाता।जिसके कारण वह अपराध की ओर बढ़ जाते हैं।हमें ऐसी प्रतिभाओं को ढूंढकर इनके विकास में सहयोग करना चाहिए।उन्होंने कहा कि मैं समाज के युवाओं को आगे लाने और उनका भविष्य बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करूंगा।अशोक राजा गुप्ता ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में युवाओं का जागरूक होना मायने रखता है। लयदि समाज के युवा शिक्षित हैं,उच्च सरकारी पदों पर आसीन है अथवा व्यवसाय में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहे हैं तो समाज का विकास तेजी से होगा।युवाओं को तरक्की करते देखकर दूसरे युवा भी प्रेरित होंगे और समाज दिन-प्रतिदिन तरक्की करेगा।जगदीश गुप्ता ने कहा कि समाज के युवा का बौद्धिक स्तर ऊंचा होना चाहिए।युवाओं की सोच ऐसी हो जो आगे बड़ने में मददगार साबित हो। संकीर्ण विचारधारा वाले युवा जिंदगी की दौड़ में पीछे रह जाते हैं।इसलिए अपनी सोच ऊंची रखते हुए आगे बड़े।जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक युवा को समाज को आगे बड़ाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।अमीर-गरीब के भेदभाव को भूलकर समाज के उत्थान में हर तरह का सहयोग देने के लिए तत्पर रहना चाहिए।योगेश गुप्ता ने कहा कि समाज का युवा अगर चाहे तो समाज को एक बहुत ही ऊंचे मुकाम तक ले जा सकता है लेकिन उसके लिए संगठन में शक्ति होना जरूरी है इसलिए सभी संगठित रहकर ही समाज हित मे आगे बड़ें।शुभम गुप्ता ने कहा कि समाज का युवा ऊर्जावान है।उसमें क्षमताओं की कोई कमी नहीं है।जरूरत तो सिर्फ सही मार्गदर्शन की है।इसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल देना बेहद जरूरी है।साथ ही युवा भी अपनी सोच में बदलाव लाएं। वह नौकरी मांगने वाले नहीं,बल्कि रोजगार देने वाले बनें।साथ ही समय समय पर समाजसेवा के कार्य कर गरीब दीन दुखियों की भी सेवा करें।अर्पित गुप्ता ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की पहचान युवा देश के रूप में हैं।युवाओं की क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने से ही समाज में बदलाव आएगा।युवा भी खुद की ताकत को पहचाने और उसी के अनुरूप अपना रास्ता चुनें।युवा अपनी काबिलियत और नई सोच के बूते पर रोजगार सृजनकर्ता बन सकते हैं।उन्होंने आगे कहा कि युवा भेड़ चाल में न पड़ें,बल्कि खुद का लक्ष्य बनाकर उसी दिशा में आगे बढ़ें।हम बदलेंगे, तभी समाज में भी बदलाव आएगा।युवा का मतलब ऊर्जा है।ऊर्जा से कार्यक्षमता बढ़ती है।इस बात को युवा खुद में महसूस करें।अपनी नई सोच के जरिये बेहतरीन समाज का निर्माण करें।वहीं महिला मंडल की प्रदेशाध्यक्ष सारिका गुप्ता ने कहा कि सोशल मीडिया का हम सही इस्तेमाल करें।ये सामाजिक बदलाव में बड़ी मददगार हो सकती है।अपने साथ-साथ समाज के लिए भी बेहतर सोचें।उन्हीने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो,जागो और लक्ष्य हासिल करने तक कोशिश करते रहो।इन्हें जीवन सूत्र मानते हुए युवा बदलेगा,तो समाज अपने आप बदलेगा।महिलाओं से उन्होंने कहा कि अब वक्त बदल गया है अब महिलाएं,बेटियां हर जगह आगे है इसलिए महिलाओं को भी समाज के कार्य के बड़चड़ कर हिस्सा लेना चाहिए।तदोपरांत मौजूद सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सबसे पहले संरक्षक राजेश गुप्ता जी को संगठन मंत्री अशोक राजा गुप्ता ने शपथ दिलवाई उसके बाद राजेश गुप्ता ने समस्त मौजूद पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई।वहीं कार्यक्रम में समाज के द्वारा चंद्रयान 3 की सफलता के लिए पूजा अर्चना भी की गई।इसके बाद सभी का भोजन हुआ तदोपरांत सामाजिक विषयों पर चर्चा व आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा एवम संगठन का आगे कैसे विस्तार किया जाए इस विषय पर गहन चर्चा हुई।कार्यक्रम के समापन अवसर पर आभार व्यक्त डॉ.राकेश गुप्ता के द्वारा किया गया।वहीं मंच का सफल संचालन ब्रज गुप्ता के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मप्र उप्र समेत अन्य राज्यो से आये हुए सामाजिक बन्धुओ के साथ साथ नवीन पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



## कुश कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नारायण सिंह कुशवाहा को कैबिनेट मंत्री का मिला दर्जा

अमित शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

श्री नारायण सिंह कुशवाहा को कुश कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त नियुक्त किया गया इस अवसर पर कुशवाहा समाज के महिला एवं पुरुष एवं नजन उपस्थित रहे एवं श्री नारायण सिंह कुशवाहा को अध्यक्ष बने एवं कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होने पर चाचौड़ा जिला गुना से श्रीमती कुसुम कुशवाहा श्री दिलीप कुशवाहा एवं समाज के कई वरिष्ठ लोगों एवं समाज बंधुओ ने उसे कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनने एवं कैबिनेट का दर्जा मिलने पर बधाई प्रेषित की।

## चांचौड़ा बिधान सभा क्षेत्र की भाजपा परिवेक्षक मनीषा अनुरागी इन दिनों एक सप्ताह के लिए चांचौड़ा प्रबास पर है

अमित शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे




भाजपा परिबेक्षक मनीषा अनुरागी उत्तर प्रदेश से बिधायक है। इन्हें भाजपा ने परिबेक्षक बना कर चांचौड़ा बिधान सभा की समीक्षा कर रिर्पोट पार्टी को भेजना है।इन दिनों बिधान सभा चांचौड़ा क्षेत्र में दौरें पर है। आज बिधान सभा के तेली गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई।इस अवसर पर पार्टी की घोषित प्रत्याशी भी तेली गांव में उपस्थित थे।परिबेक्षक से भाजपा समर्थक सरपंच संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर मीना ने अपने समर्थक सरपंचों के साथ बैठक कर अवगत कराया कि बिना रायसुमारी के पार्टी प्रत्याशी की घोषणा की है।हम घोषित प्रत्याशी का बिरोध करते हैं।और मांग करते हैं कि रायसुमारी करा कर प्रत्याशी बिधान सभा में घोषित किया जावे। अन्यथा हम सब भाजपा समर्थक सरपंच ,बी एल लो ,बूथ अध्यक्ष सामूहिक रूप से पार्टी से स्तीफा देने की घोषणा करते हैं। वहीं परबेक्षक गाईड लाईन अनुसार सर्वे का बिरोध करते हैं।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ संपन्न

अमित शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे




चाचौड़ा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कम्युनिटी हॉल में ब्लॉक स्तरीय राजघाट दम मल्टी विलेज स्कीम का कार्यक्रम आयोजित हुआ जल जीवन मिशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं कितने गांव में को इसमें शामिल किया गया है एवं कितने समय में पूर्ण होगा इस संबंध में जानकारी दी गई इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरा नगर परिषद उपाध्यक्ष रश्मि कृष्ण मुरारी शर्मा पाषर्दगढ़ एवं अधिकारीगण जनपद अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत अधिकारी एवं कर्मचारी राजा स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग एवं अन्य ने इस कार्यक्रम में भाग दिया।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा

## अब 25 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पनघटा (नरवर) शिवपुरी में सत्र 2024 में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ किए जा चुके हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही भरे जा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि प्रशासनिक कारणों से बड़ाकर अब 25 अगस्त निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट पर संपर्क करें। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की जन्म तिथि 10 मई 2012 से 31 मई 2014 के मध्य होनी चाहिए तथा शिवपुरी जिले का मूल निवासी एवं वर्तमान में शिवपुरी जिले के शासकीय मान्यता प्राप्त शासकीय अथवा अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए अंतिम तिथि के पश्चात दो दिवस के लिए ऑनलाईन सुधार विंडो खोली जाएगी जिसमें वे केवल लिंग (लड़का/लड़की), श्रेणी (सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी), क्षेत्र (ग्रामीण/शहरी), विक्लांगता और परीक्षा का माध्यम इत्यादि डाटा में संसोधन कर सकेंगे।

## श्री सीरवी समाज होसूर बडेर की नई कार्यकारिणी गठित

पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सेंणचा



**बेंगलुरू।** दक्षिण भारत स्थित फूलों की नगरी होसूर श्री सीरवी समाज बडेर में दिनांक 21.8.23 वार सोमवार शाम आम आदमी मीटिंग संपन्न हुई। मीटिंग में बहुत लंबे समय से कार्यरत कमिटी सदस्य बंधुओं ने अपना इस्तीफा सौंपा जो ध्वनि मत से समाज ने स्वीकार कर उसी पल समाज के सर्वांगीण विकास के लिए नई कमिटी के गठन का एलान हुआ।चंद मिनटों में नई कमिटी बनाई गई। नई कमिटी बनाने में पूर्व कमिटी एवं आम सदस्य बंधुओं का पूर्ण सहयोग रहा।नवगठित कमिटी में अध्यक्ष-बाबुलाल बर्फा, उपाध्यक्ष भुराराम गहलोत, सचिव भुंडाराम सैणचा, सह सचिव उमाराम सैणचा, कोषाध्यक्ष भरतलाल बर्फा सह कोषाध्यक्ष रामचंद्र सोयल, सूचना मंत्री लक्ष्मणराम परिहारिया,सह सूचना मंत्री कालुराम परिहारिया ने सबके सामने सहर्ष यह पद स्वीकार कर समाज के बड़े बुजुर्गो एवं पूर्व कमिटी सदस्य बंधुओं से आशीर्वाद प्राप्त कर समाज सेवा का संकल्प लिया। यह जानकारी श्री सीरवी समाज बडेर होसूर के नवनियुक्त सूचना मंत्री -लक्ष्मणराम परिहारिया ने साझा की।

# जिस पिता ने कन्या दान किया वो बैकुंठ का अधिकारी होता है: डॉ सुरेश शास्त्री

## हमारों लल्ला कालिया नांग को नथैया भगवताचार्य डॉ सुरेश शास्त्री ने कांक्षी सरकार के दरवार में सुनाई दिव्य कथा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार।** लहार क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मजिस्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित कांक्षी सरकार के दरवार में संत श्री रामशरण दास महाराज के साकेत धाम गमन की स्मृति में श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार की अध्यक्षता में एवम सरकार के प्रतिनिधि बालकृष्ण दास उर्फ प्रभू जी महाराज के सानिध्य में चल रही पांचवे दिन की कथा में भगवताचार्य परम् पूज्य गुरु जी डॉ सुरेश शास्त्री ने भगवान के बाल चरित्र का सुंदर चित्रण कर बाल भगवान के द्वारा कई राक्षसों के उद्धार की कथा सुनाई ओर बताया कि बाल भगवान ने कालिया नाग से युद्ध कर उसे नाथने की सुंदर कथा सुनाते हुए शास्त्री जी ने कहा कि कलियुग के प्रभाव का समन करती है श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है।





**कर्म प्रधान विश्व रच राखा,जो जस करिहें सो तस फल चाखा**-श्रीमद भागवत कथा में महाराज शास्त्री जी ने बताया कि भगवान ने इंद्र के घमंड को तोड़कर भगवान गोवर्धन महाराज की कथा सुनाई आगे महाराज जी ने बताया कि धुंधकारी अति दुष्ट था उसका पिता आत्मदेव भी उसके उत्पातों से दुखी होकर वन में चला गया था। धुंधुकारी वेश्याओं के साथ रहकर भोगों में डूब गया और एक दिन उन्हीं के द्वारा मार डाला गया।अपने कुकर्मों के फलस्वरूप वह प्रेत बन गया और भूख प्यास से व्याकुल रहने लगा।एक दिन व्याकुल धुंधुकारी अपने भाई गोकर्ण के पास पहुंचा और संकेत रूप में अपनी व्यथा सुनाकर उससे सहायता की याचना की गोकर्ण धुंधुकारी के दुष्कर्मों को पहले से ही जानते थे, इसलिए धुंधुकारी की मुक्ति के लिए गया श्राद्ध पहले ही कर चुके थे लेकिन इस समय प्रेत रूप में धुंधुकारी को पाकर गया श्राद्ध की निष्फलता देख उन्होंने पुनः विचार विमर्श किया अंत में स्वयं सूर्य नारायण ने गोकर्ण को निर्देश किया कि श्रीमद्भागवत का पारायण कीजिए। उसका श्रवण मनन करने से ही मुक्ति होगी श्रीमद् भागवत का पारायण हुआ गोकर्ण वक्ता बने और धुंधुकारी ने वायु रूप होने के कारण एक सात गांठों वाले बांस के भीतर बैठकर कथा का श्रवण मनन किया। सात दिनों में एक-एक करके बांस की सातों गांठे फट गई धुंधुकारी भागवत के श्रवण मनन से सात दिनों में सात गांठे फोड़कर, पवित्र होकर, प्रेत योनि से मुक्त होकर भगवान के वैकुण्ठ धाम में चला गया एवं राधे-राधे के उद्घोष से माहौल भक्ति के रस में डूब गया भागवत कथा में आज प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा रोमेश जी महंत,युवक कॉग्रेस के पूर्व सचिब अनिरुद्ध प्रताप सिंह एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं संत मौजूद रहे।

# पटवारियों ने वेतनमान एवं अन्य समस्याओं के संबंध में सौंपा ज्ञापन

## पटवारी एकता जिंदाबाद के नारों से गूंजा तहसील परिसर






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। मंगलवार को पटवारियों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम तहसीलदार लहार को ज्ञापन सौपा जिसमे इन मुद्दों को प्रेषित किया गया।(1) बेतनमान- निवेदन है कि मध्यप्रदेश में पटवारियों को वर्ष 1998 में निर्धारित किये गए वेतनमान के अनुसार ही वर्तमान वर्ष 2023 में वेतन दिया जा रहा है बिगत 25 वर्षों में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं की गई है जबकि पटवारियों से पूरे सेवाकाल में कार्य लेने वाले राजस्व विभाग एवं उसकी पदस्थापना वाले भू अभिलेख विभाग के सभी पदोचत पदों (राजस्व निरीक्षक,नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख, तहसीलवार अधीक्षक भू अभिलेख) के वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई। पटवारी वेतनमान 2800 हेतु भी आपके द्वारा वर्ष 2007 पटवारी महाअधिवेशन सनावद में घोषणा की गई थी, माननीय राजस्व मंत्री महोदय द्वारा प्रांताध्यक्ष मप्र पटवारी संघ भोपाल को 2800 पे-ग्रेड किये जाने का लिखित आवासन भवदीय के निर्देशानुसर दिया गया था, जिसके क्रियान्वयन का प्रदेश के पटवारी को इन्तजार है माननीय महोदय द्वारा कानून में संशोधन कर मध्यप्रदेश के पटवारियों की एक उस पद का अतिरिक्त कार्य सीमांकन तो दिया गया परंतु समान कार्य समान वेतन के आधार पर राजस्व निरीक्षक का वेतनमान नही दिया गया। अस्तु समान कार्य समान वेतन को लागू करते हुए पटवारी को राजस्व निरीक्षक के समान पे ग्रेड 2800 दिया जाये7 (2) समयमान वेतन-प्रदेश के पटवारियों को ग्रेड पे के सापेक्ष समयमान वेतन दिया जा रहा है, जबकि विधि अनुसार पद के सापेक्ष समयमान वेतन प्रति 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर दिया जाना चाहिये। जब कि मध्यप्रदेश में पटवारी संवर्ग को समयमान वेतन पद के सापेक्ष ना होकर पेड़ के सापेक्ष में दिया जाता है अतः पद के सापेक्ष समयमान वेतन दिये जाने के आदेश प्रसारित किये जाने । (3) पदजति विगत कुछ माह पूर्व राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक के पदों से क्रमश- डिप्टी कलक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार पदों पर पदोघति दी गई किन्तु प्रशासन की रीड की हड्डी कहे जाने वाले पटवारी पद को ही भेदभाव तरीको से इस पदअति से वंचित रखा गया है, जबकि उक्त सभी पदों पर एक साथ पदोन्नति दी तो सिर्फ पटवारी के साथ ही भेदभाव क्यों किया गया राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदो को पटवारियों को पदोप्रति कर भरे जायें। (4) मनो में बढ़ोत्तरी - विगत दस वर्षो से अधिक समय से पटवारी के किसी भत्ते में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। माननीय द्वारा तीन सदस्यीय भत्ता समिति को दिये गये प्रजेन्टेशन में संघ के पत्र क्रमांक 1588/ पट संघ / 2023 दिनांक 06.02 2023 के द्वारा गृह भाडा मला (अन्य कर्मचारियों के अनुसार वेतन का निर्धारित प्रतिशत), अतिरिक्त हल्के का मत्ता (10000 रुपये) यात्रा भत्ता (3000 रुपये) अन्य विभागों के कार्य हेतु मत्ता (5000 रुपये) मोबाइल एवं डाटा भत्ता (1000 रुपये) एवं कार्यालय भत्ता (2000 रुपये) की माँग महंगाई के अनुसार की गयी है, जिसमें सहानुभूतिपूर्वक विचार कर वृद्धि के आदेश प्रसारित किये जाने (5) अवश्यक संशाधनों की उपलब्धता कराने हेतु निवेदन है कि मध्य प्रदेश के सभी पटवारियों द्वारा केन्द्र व राज्य शासन की विभिन्न विभागों की अनेक योजनाओं (पी.एम. किमान सी.एम. किमान, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना, धारणाधिकार, गिरदावरी फसल कटाई प्रयोग का कार्य द्वारा एप पर उनके निजी मोबाइल से किया जा रहा है. म.प्र. पटवारी संघ द्वारा विगत कई वर्षों में कई बार आपन प्रस्तुत कर शासन से उक्त कार्यों के लिये स्तरीय समाधन (अपडेटेड मोबाईल ) की मांग की गई परंतु आज दिनांक तक उक्त संबंध में समाधन उपलब्ध कराने हेतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। निवेदन है कि पाँच वर्ष से अधि पूर्व मात्र कुछ हजार पटवारियों को दिये गए निम्न कीमत के मोबाईल आउट डेटेड हो चुके हैं जो यदि चल भी रहे हो तो उनमें से नहीं चलता है। पटवारियों को उनके कार्य हेतु संसाधन (मोबाईल एवं ई.टी. एस. मशीन, रोवर मशीन) उपलब्ध कराने की जावे निवेदन है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय से दिनांक 26/05/2023 को मांगो के संदर्भ में समक्ष में किये गये निवेदन पर नीद्वारा दिया गया था कि वह पचारियों के सात का नकारात्मक समाधान करे इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, प्रांतीय प्रवक्ता अर्चना भदोरिया, तहसील लहार अध्यक्ष कमल सिंह कौरव, मिहोना तहसील अध्यक्ष विजय सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा एवम तहसील लहार एवम मिहोना के समस्त पटवारीगण मौजूद रहे।

# नवोदय स्कूल में चयन होने पर बच्चों को संचालक ने किया सम्मानित

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



**भिंड।** ग्वालियर स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में एक छात ने कक्षा 2 में भर्ती हुआ और कक्षा 5 तक स्कूल में पढ़ाई की उसके बाद इस साल नवोदय जिला ग्वालियर तहसील डवरा पिछोर स्कूल में परीक्षा देकर एडमिशन लिया इस पर स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने बच्चे सुयंश प्रताप राघव पुत्र सतीश सिंह राघव को स्कूल में बुलाकर स्मार्ट वॉच से सम्मानित किया सुयंश के पिता ने कहा कि शिवाजी पब्लिक स्कूल में जो शिक्षा एवं अच्छी संस्कार दिए जाते हैं जिसे आज हमारा बच्चा कक्षा पांचवी में अच्छे नंबर लगाकर नवोदय स्कूल में निकले पेपर को देकर आज सिलेक्शन हुआ है मैं शिवाजी पब्लिक स्कूल के समस्त स्टाफ एवं संचालक को धन्यवाद देता हूं इसी क्रम में स्कूल संचालक ने ईश्वर से मनोकामना की इसके उज्जवल भविष्य के लिए श्री परिहार ऐसे बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहित करते हैं एवं हिंदू संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं।

# एक शाम भगवान शिव शंकर के नाम विशाल जागरण का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**




**बेंगलुरू।** श्री देवासी (राईका) समाज कनकपुरा रोड बेंगलोर साउथ भवन में श्रावण के सोमवार के उपलक्ष में रात्रि विशाल जागरण का आयोजन हुआ। जागरण का शुभारंभ भगवान शिव शंकर तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती की। भजन गायक महादेव मंडली के राजूराम चोयल ने गणपति वंदना प्रस्तुत की। भजन गायक श्रवण माली, चुनाराम भायल, सुरेश आगलेचा, राकेश सीरवी ने राजस्थानी मधुर भजनों की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया। संस्था की ओर से महादेव भजन मंडली के गायक कलाकारों एंव मुकेश नाथ योगी माजीसा साउंड का साफा व दुप्पट्टा द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीरवी समाज लगेरी बडेर के अध्यक्ष बाबूलाल चोयल, सचिव चेनाराम चोयल, कोषाध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी का साफा द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्रवण देवासी (आर्मी ) उपाध्यक्ष श्रवण लूंका, सचिव भाकर राम आल, सहसचिव श्रवण आन्डू, कोषाध्यक्ष मोहन सिलारी, सह-कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश बस्सी, भूर्तपूर्व अध्यक्ष उगमाराम, माणकराम सांगावत, पूर्व उपाध्यक्ष कल्याण भीम, पूर्व सचिव सुखाराम लोटोती सहित समाज के बड़ी संख्या मै लोग मौजूद थे।

# दुकानदार अपने निजी स्वार्थ के लिए कर रहे हैं ग्राहकों की जान के साथ खिलवाड़






**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** पीड़ित ग्राहक जय किशन द्वारा ग्राहक पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ता सुरजीत राजावत के पास शिकायत आई की हजीरा चौराहे पर स्थित अग्रवाल मिष्ठान भंडार से उन्होंने बूंदी के लड्डू खरीदे थे जब वह मिठाई घर लेकर गए हो घर वालों ने मिठाई खाई तो अचानक से घरवालों की तबीयत बिगड़ गई जब मिठाई को गौर से देखा तो मिठाई में हल्की फफूंदी और हरापन आ चुका था ग्राहक पंचायत के सक्रिय सदस्य सुरजीत राजावत ने ग्राहक पंचायत के प्रांत सचिव श्री लोकेंद्र मिश्रा जी से संपर्क किया तत्पश्चात लोकेंद्र मिश्रा द्वारा एसडीएम अशोक चौहान से संपर्क किया गया एसडीएम अशोक सिंह चौहान द्वारा हजीरा चौराहे पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंचाई गई टीम ने मिठाई के सैंपल लिए आजकल व्यक्ति लालच में अंधा हो गया है अपने थोड़े से फायदे के लिए मिठाई मैं जहरीले केमिकलों की मिलावट कर रहा है एवं बहुत दिनों तक रखी मिठाई बेच रहा है यह ग्राहक के जान के साथ खिलवाड़ है जब ग्राहक मिठाई के उचित दाम दे रहा है तो दुकानदार का कर्तव्य बनता है कि वह ग्राहक को बिना मिलावट की विशुद्ध मिठाई, खाद्य पदार्थ दे। चुकी अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा कई सालों से मिलावटी एवं जहरीले खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने हेतु मुहिम चलाई जा रही है आप भी मुहिम का हिस्सा बने।

# मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**



मालनपुर गोहद मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर नवनयुक्त जिला अध्यक्ष पटवारी संघ गोहद तहसील हल्का मालनपुर पटवारी संजय शर्मा ने प्रेस जानकारी में बताया कि पटवारी संघ गोहद के साथ-साथ समूचे जिला भिंड के पटवारी संघ 3 दिन सामूहिक अवकाश पर रहेगा जिसमें 23 अगस्त 2023 से लेकर 25 अगस्त 2023 तक अपनी मांगों को लेकर पटवारी संघ ने गोहद एसडीएम अंकुर गुप्ता को ज्ञापन दिया जिसमें बताया गया कि हमारी पूर्व न्योयाचित मांगों को पूरा करने की मांग हेतु हम सभी पटवारी गढ़ तहसील गोहद मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के नियमानुसार सामूहिक अवकाश पर रहेंगे ज्ञापन देने में उपस्थित हुए उपाध्यक्ष ज्योति दीक्षित उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व्रत एडोरी प्रियंका भदौरिया, शिवशरण जिला कोषाध्यक्ष, राम कुमार पाठक, शैलेश शर्मा, जितेंद्र चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, अनुज शर्मा, राकेश पांडे, आदित्य श्रीवास्तव, अजय खरे, आदित्य कुशवाह, संदीप जैन, अंजनी शर्मा, हरेंद्र बघेल, एवं समस्त पटवारी संघ टीम उपस्थित रहे।

# जिला खरगोन एक बार पुनः सीएम हेल्प लाइन 181 की शिकायतों के निराकरण प्रदेश में पहले पायदान पर कायम

## पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह द्वारा प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत मुलाकात कर शिकायतों को निराकरण किया, प्रथम स्थान अर्जित करने पर पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), समस्त थाना प्रभारी एवं शिकायत शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय खरगोन की प्रशंसा की

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**



माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही बहुआयामी योजना सीएम हेल्प लाइन 181 के तहत समस्त सहकारी विभागों में आमजन को समय पर सहायता न मिलने की स्थितियों में आमजन सीधे सीएम हेल्प लाइन नंबर 181 पर शिकायत कर अपनी समस्या बता सकता है। उक्त शिकायतकर्ता के द्वारा की गई शिकायत को संबंधित विभाग को ट्रांसफर कर उसके जल्द से जल्द निकाल हेतु वरिष्ठ कार्यलयों द्वारा सुपरविजन किया जाता है । इसी प्रकार पुलिस से संबंधित शिकायतों का पूरा लेखा जोखा पुलिस कार्यालय में भी रखा जाता है, जिसमें पुलिस अधीक्षक महोदय श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा प्रत्येक शिकायत का बारीकी से अवलोकन किया गया साथ ही प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत मिलकर उनकी बताई समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप खरगोन जिला एक बार पुनः सीएम हेल्प लाइन के निराकरण में पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व के कारण प्रदेश में शिकायतकर्ता की सीएम हेल्प लाइन शिकायतों का निराकरण कर संतुष्टि पूर्वक बन्द कराने में प्रदेश मे प्रथम स्थान पर कायम है । उक्त उपलब्धि प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), समस्त थाना प्रभारी एवं शिकायत शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय खरगोन के आर. राधेश्याम के उत्साहवर्धन हेतु उनकी प्रशंसा की ।



# एकादशी के दिन चावल वर्जित है: संत शीतल राजाराम


**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट वडेर के तत्वाधान में चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम महाराज ने कथा का वर्णन करने हुए बताया कि शास्त्रों में प्रचलित एक कथा के अनुसार प्राचीन काल में महर्षि मेधा ने एक बार यज्ञ में आए हुए एक भिखारी का अपमान कर दिया जिसकी वजह से माता दुर्गा अत्यंत नाराज हो गईं। माता को मनाने और प्रायश्चित के लिए महर्षि मेधा ने अपना शरीर त्याग दिया। शरीर त्यागने के बाद उसके अंश धरती में समा गए और उस प्रायश्चित से प्रसन्न होकर माता दुर्गा ने महर्षि को एक आशीष दिया कि उनके अंग भविष्य में अन्न के रूप में धरती से उगेंगे। महर्षि के पृथ्वी पर दबे हुए अंश चावल और जौ अन्न के रूप में प्रकट हुए। उस दिन एकादशी तिथि थी और तभी से चावल और जौ को जीव माना गया। यही वजह है कि एकादशी तिथि को चावल खाना जीव का उपभोग करने के समान माना जाता है और इस दिन चावल खाने की मनाही होती है। इस कार्यक्रम में वडेर के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा ने स्वागत किया। इस मौके पर गेनाराम सेंणचा, मांगीलाल सोलंकी, मोहनलाल राठौड़, नवयुवक मंडल अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़, किशन देवासी कोमल देवासी सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

# दिव्या खोसला कुमार, मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी स्टारर यारियां 2 के पहले सॉन्ग सौरे घर का टीज़र हुआ रिलीज

## इस म्यूजिकल एक्सट्रावगेंजा का निर्देशन राधिका राव और विनय सप्रू ने किया है, जिसमें यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया वॉरियर नज़र आएंगे

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**




यारियां 2 के टीज़र ने लोगों में एक जबरदस्त एक्साइटमेंट क्रिएट किये हुए है और अब इस साल की सबसे बड़ी पारिवारिक म्यूजिकल फिल्म का पहला सॉन्ग सौरे घर 27 अगस्त को रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म के टीज़र में कुछ मेजिकल सॉन्ग के साथ सनी सनी गाने की झलक दिखाई गयी थी परन्तु इसके अलावा फिल्म में कई और दिलचस्प गाने हैं जो निश्चितरूप से लोगों को अपनी और आकर्षित करेंगे। सौरे घर के टीज़र को देख यह अनुमान लगाया जा सकता है कि यह एक डांस नंबर है, जो निश्चितरूप से आपको डांस फ्लोर पर थिरकने को मजबूर कर देगा। इस फिल्म में चचेरे भाई बहन के बीच जबरदस्त बॉन्डिंग को दर्शाया गया है जो आपको इस फिल्म से जोड़े रखेगी। यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया वॉरियर हैं और इसका निर्देशन राधिका राव और विनय सप्रू ने किया है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत करते हैं टी-सीरीज़ फिल्म्स और राव और सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म यारियां 2। यह फिल्म 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, दिव्या खोसला कुमार और आयुष माहेश्वरी द्वारा निर्मित इस फिल्म को राधिका राव और विनय सप्रू ने डायरेक्ट किया है।

# समय अधिक नैतिक, सक्रिय होने का

**कभी-कभार:** सार्वजनिक जीवन में गुंडई, लफंगई, दबंगई, लुच्चई, टुच्चई का आतंक बढ़ रहा है ये लोकमान्य होते जा रहे।

अशोक वाजपेयी

यह असाधारण समय है, भारतीय सभ्यता के संकट का क्षण है और इस समय साहित्य से कुछ कम की अपेक्षा रखना उसके महत्व और प्रभाव को कम आंकने जैसा होगा। यह समय साहित्य को मुहलत देने का नहीं, उससे अधिक नैतिक, अधिक सक्रिय होने की अपेक्षा करने का ही है। हमारा समय ज्ञान के हर दिन अपमान और अज्ञान के लगातार महिमामंडन का समय भी है।

साहित्य और समयः मैंने इलाहाबाद के हिंदी विभाग में सौवें वर्ष की शुरुआत और मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय के एक सौ पच्चीस वर्ष पूरे होने पर जो दो वक्तव्य दिए उनका विषय एक ही रखाः हमारा समय और साहित्य। समय और साहित्य पर वैचारिक दृष्टि से विस्तार से विश्लेषण करने के ये अवसर नहीं थे। इतना भर कि साहित्य का समय से संबंध जटिल और निरंतर होता है।

साहित्य समय को व्यक्त-विन्यस्त करता, उससे संवाद और उसका प्रश्नांकन करता, उससे छुटकारा पाता, उसके बरक्स यानी दिए हुए समय के बरक्स अपना अलग समय रचता है, कई बार प्रतिसमय। साहित्य में बहुसमयता भी होती है और वह कई अन्य समयों में हमें ले जाता है। वह समय में रहते हुए समयतीत को छूने-स्पंदित करने की चेष्टा भी करता है।

समय साहित्य का संदर्भ है, उसकी सीमा और संभावना भी। ऐसे समय हो सकते हैं जिन्हें साहित्य की दरकार न हो पर ऐसा साहित्य शायद ही होगा जिसे समय की ज़रूरत न हो।

हमारा समय बेहद हिंसक हैः घरेलू हिंसा, बाज़ार की हिंसा से लेकर सांप्रदायिक-धार्मिक-जातिपरक हिंसा, धर्मों की हिंसा, मीडिया की हिंसा, भाषिक हिंसा, वाग्हिंसा, अज्ञान की हिंसा। इस हिंसा को बढ़ाने, तेज़ और तीखा करने हमारे समय में झूठ और नफ़रत, विद्वेष आदि बहुत सक्रिय और व्यापक हो गए हैं। हम झूठ-घृणा-हिंसा-हत्या-बलात्कार के बुलडोज़री समय में हैं। झूठ फैलाने वाले लोग और संस्थाएं बहुत सक्रिय और व्यापक हैं और, दुर्भाग्य से, झूठों पर यक़ीन करने वालों की संख्या तेज़ी से विकराल हो रही है।

सत्य संकुचित हो रहा है- वह हमारे समय का सबसे निहत्था अल्पसंख्यक है।मीडिया के एक बड़े हिस्से का, जो साधन-संपन्न और लोकप्रिय है, सत्ता की गोदी में बैठना और सार्वजनिक संवाद की भाषा का लगातार अभद्र और झगड़ालू होते जाना साथ-साथ हुए हैं। अंतःकरण और प्रश्नवाचकता सिर्फ़ राजनीति से नहीं, मीडिया से भी ग़ायब हो गए हैं। वह सत्ता से नहीं, विपक्ष से प्रश्न कर अपनी पूंछहिलाऊ वफ़ादारी चौबीस घंटे, बिना किसी लाज-शरम या संकोच के, ज़ाहिर करता रहता है।

हमारे धर्म लोकतांत्रिक मूल्यों से पहले ही विरत थे और उनमें स्वतंत्रता-समता-न्याय के संवैधानिक मूल्यों का स्वीकार नहीं था। इस बीच वे, विशेषकर हिंदू धर्म, राजनीति का पिछलगुआ हो गए हैं। उनका अपना सत्व, अध्यात्म और बहुलता उनसे बाहर कर दिए जा रहे हैं। सार्वजनिक जीवन में असहमति-प्रश्नांकन-आलोचना-विरोध-प्रतिरोध की जगह लगातार घट-सिकुड़ रही है और उनको लगभग अपराध माना-क़रार दिया जाने लगा है। लोकतांत्रिक पद्धतियों का उपयोग कर लोकतंत्र में कटौती की जा रही है।

जातीय स्मृति, सांस्कृतिक दाय, परंपरा की सम्यक व्याख्या सभी संकटग्रस्त हो गए हैं। भूलने-भुलाने और तथ्यहीन स्मृति को स्थापित करने का एक सुनियोजित अभियान चल रहा है। अनेक अवदान, इतिहास-परंपरा-सृजन-विचार में, भुलाए जा रहे हैं। बहुलता, समरसता, सद्भाव, सहयोग-सहकार सभी हाशिये पर फेंक दिए गए हैं। भय-लालच-स्वार्थ आदि से एक नई सामुदायिकता गठित और विकसित हो रही है।

हमारा समय ज्ञान के हर दिन अपमान और अज्ञान के लगातार महिमामंडन का समय भी है। ज्ञान की संस्थाएं, तरह-तरह से, अपनी स्वायत्तता में सीमित की जा रही हैं। वैसे भी यह संवैधानिक संस्थाओं के अंतःकरण-हीन और उनके नैतिक अधःपतन का समय है। हमारे सार्वजनिक जीवन में गुंडई, लफंगई, दबंगई, लुच्चई, टुच्चई का आतंक बढ़ रहा है और उनकी अभिव्यक्ति लगभग लोकमान्य होती जा रही है।

(शेष बॉलीवुड पेज पर)

## समाचार विश्लेषण : पूर्व फ्रेंच उपनिवेशों में सैन्य विद्रोह का दौर क्यों?

लोग सिर्फ वोट देने भला क्यों जाएं जब कुछ बदलना ही नहीं है? उनके लिए इन बगावतों का समर्थन सिस्टम को हिलाने का एक तरीका है- ये देखने के लिए क्या उसके जरिए कुछ बेहतर नतीजे निकल पाते हैं या नहीं।

अफ्रीका के पूर्व फ्रांसीसी उपनिवेश, सैन्य बगावतों के लिए तेजी से चर्चित होते जा रहे हैं। गरीबी, बेअसर नागरिक बिरादरी और मीडिया के चिंताजनक रुझानों के अलावा अत्यधिक फ्रांसीसी प्रभाव को इसके लिए जिम्मेदार मानते हैं। पश्चिम अफ्रीका के फ्रांसीसी उपनिवेशो में राजनीतिक अस्थिरता की बदौलत सैन्य तख्तापलट होते रहे हैं। 2020 से फ्रांस विरोधी भावनाओं के उभार ने बुरकिना फासो, गिनी, माली और हाल में नाइजर जैसे देशों में सैन्य बगावतों को भड़काया है, या कुछ हद तक योगदान दिया है। सेनेगल के मानवाधिकार अधिवक्ता और ओपन सोसायटी फाउंडेशन से जुड़े इब्राहीम काने ने बताया कि कथित फ्रांसीसी प्रभाव से छुटकारा पाने की भावनाएं वास्तविक हैं।

उन्होंने कहा, हमारे नागरिकों के बारे में फ्रांसीसियों का नजरिया कभी नहीं बदला। वे हमेशा हमें दोयम दर्जे का नागरिक मानते आए हैं। वे हमेशा अफ्रीकियों के साथ, खासकर फ्रांसीसी-भाषी अफ्रीकियों के साथ, एक खास ढंग से सुलूक करते हैं। पश्चिम अफ्रीका इस स्थिति को बदलने को तत्पर है।र लेकिन अफ्रीकी मामलों के विश्लेषक, और क्षेत्रीय संगठन इकोवास के जानकार एमानुएल बेनसाह ने डीडब्लू को बताया कि उपनिवेश विरोधी भावनाएं हालिया क्षेत्रीय बगावतों के बारे में पूरी तरह से नहीं बताती हैं। वह कहते हैं, पश्चिम अफ्रीका में फ्रांसीसियों और ब्रिटिशों के साथ एक कलोनियल मुद्दा जुड़ा रहा है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि प्रत्येक सदस्य देश सैनिकों के साथ हथियार उठा रहा है। आप देखेंगे कि अंग्रेजीभाषी देशों ने हथियार नहीं उठआए हैं जबकि रहते हम एक ही उप-क्षेत्र में हैं।

अपेक्षाकृत स्थायी राजनीतिक माहौल वाले अंग्रेजीभाषी अफ्रीका से विपरीत, फ्रांसीसीभाषी पश्चिम अफ्रीका में पश्चिमी शैली वाले लोकतंत्र मजबूत पकड़ नहीं बना पाया है। इब्राहीम काने कहते हैं, वहां ये भावना है कि फ्रांसीसी हमेशा सत्ताधारी लोगों के पक्ष में रहते आए हैं चाहे वे सत्ताधारी लोकप्रिय हों या ना हों। फ्रांस और सरकार के बीच हमेशा से एक बड़ा ही मजबूत जुड़ाव रहा है। जबकि वो सरकार कई स्थितियों में अपने ही नागरिकों के प्रति बहुत ज्यादा दोस्ताना नहीं रही है।र उनके मुताबिक वही गुस्सा फ्रांस समर्थित लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकारों के खिलाफ फूटता है जिसकी परिणति सैन्य हस्तक्षेपों के रूप में होती है। नाइजर में, राष्ट्रपति मोहम्मद बाजोम की सरकार को अपदस्थ करने वाली सेना के समर्थन में हजारों लोगों ने रैली निकालकर लोकतांत्रिक ढंग से चुनी सरकारों के प्रति असंतोष को ही आवाज दी।

नाइजीरिया के प्रशासन विश्लेषक ओविगवे इग्युगु कहते हैं कि पूर्व फ्रांसीसी उपनिवेशों में चुने हुए नेताओ ने नागरिकों की ज़िंदगियों में सुधार के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए। इसीलिए इन लोकप्रिय हो रहे बगावतों की नोबत आ रही है। ये सब लोकप्रियतावादी बगावते हैं, हमें खुलकर कहना होगा। ओविगवे इग्युगु के मुताबिक अगर लोग लोकतांत्रिक रूप से चुनी सरकारों के फायदे नहीं देखते हैं तो संकट के मौको पर उनके लिए बहुत ही कम समर्थन होगा। रलोग सिर्फ वोट देने भला क्यों जाएं जब कुछ बदलना ही नहीं? उनके लिए ये बगावतें सिस्टम को हिलाने का एक तरीका हैं ये देखने के लिए कि क्या उसके कुछ बेहतर नतीजे निकल पाते हैं या नहीं। हालांकि इग्युगु ने माना कि सैन्य नेतृत्व के आने से भी हालात नहीं बदल पाए हैं।

(साभार- डीडब्लू)

अपनी बात
संपादकीय

## चीन से संबंध का सवाल

भ्रम जारी रहने के कारण कुछ हलकों को यह आरोप लगाने का मौका मिला है कि मोदी सरकार भारत के हितों को ताक पर रखकर चीन से संबंध सुधारने की तरफ बढ़ रही है। इस बारे में आम जन को भरोसे में लिए जाने की जरूरत है।

*पिछले कुछ दिनों में चीन से भारत के रिश्ते को लेकर एक सकारात्मक माहौल बना या कहें कि बनाया गया है। पहले कोर कमांडर स्तर के 19वें दौर की वार्ता हुई, जिसके बाद दोनों देशों ने साझा बयान जारी किया। ऐसा लंबे समय के बाद हुआ। उस बैठक के दो दिन बाद ही मेजर जनरल स्तर पर दोनों देशों के बीच फिर से बातचीत हुई। इस पहलू ने ध्यान खींचा कि इस वार्ता का मकसद दोनों देशों में भरोसा पैदा करना बताया गया। जबकि कोर कमांडर स्तर की चली लंबी वार्ताओं का उद्देश्य वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात दोनों देशों की सेनाओं को पीछे लौटाने और तनाव घटाने पर सहमति बनाना बताया गया था। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग शहर में मुलाकात के कयास गरमाए हुए हैं। दोनों नेता ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां पहुंच रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक वहां दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है। संबंधों में सुधार के ऐसे संकेत उस समय मिल रहे हैं, जब 2020 से भारतीय सीमा के अंदर कथित चीनी अतिक्रमण जारी रहने को लेकर भ्रम का माहौल बना हुआ है।*

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी लद्दाख यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों के हवाले से दावा किया है कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर रखा है। बात सिर्फ राहुल गांधी की नहीं है। पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में लद्दाख के पुलिस अधिकारियों ने एक रिपोर्ट में कहा था कि 2020 के मध्य के बाद से भारतीय बल उन 26 पेट्रोलिंग चौकियों पर नहीं जा पा रहे हैं, जहां तक वे पहले गश्त लगाते थे। ऐसी खबरों से भ्रम जारी रहने के कारण कुछ हलकों को यह आरोप लगाने का मौका मिला है कि मोदी सरकार भारत के हितों को ताक पर रखकर चीन से संबंध सुधारने की तरफ बढ़ रही है। इस बारे में तुरंत सरकार को आम जन को भरोसे में लेना चाहिए।*

## ब्रिक्स की शिखर बैठक

उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स के बाहर के कम-से-कम 23 देशों ने इस समूह से जुड़ने की अर्जी दी है। कयास गया है कि नए रूप में ब्रिक्स अगर एक स्वायत्त व्यापार व्यवस्था कायम करने की तरफ बढ़ा, तो उससे मौजूदा व्यवस्थाएं कमजोर होंगी।

*पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के समूह ब्रिक्स की शिखर बैठक को लेकर जैसी जिज्ञासा अभी देखने को मिल रही है, वैसा 15 साल के इस समूह के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। पश्चिमी मीडिया में महीनों से यह चर्चा सुर्खियों में रही है कि मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के शहर जोहानेसबर्ग में शुरू हो रहे तीन दिन के शिखर सम्मेलन से दुनिया पर पश्चिमी वर्चस्व के लिए एक नई चुनौती खड़ी होगी। हालांकि ब्रिक्स देशों ने लगातार यह स्पष्टीकरण दिया है कि यह समूह महज आपसी आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने का मंच है और इसे हार-जीत की सोच के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए, लेकिन पश्चिमी मीडिया में इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। चूंकि जोहानेसबर्ग में एक बड़ा मुद्दा ब्रिक्स समूह के विस्तार है, इसलिए पश्चिमी देशों के कान खड़े हुए हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स के बाहर के कम से कम 23 देशों ने इस समूह से जुड़ने की अर्जी दी है। इनमें सऊदी अरब जैसा धनी और तेल समृद्ध देश भी शामिल है।*

*इससे यह कयास गया है कि नए रूप में ब्रिक्स अगर एक स्वायत्त व्यापार एवं मौद्रिक व्यवस्था कायम करने की तरफ बढ़ा, तो उससे दूसरे विश्व विश्व युद्ध के बाद से चल रही व्यवस्थाएं कमजोर होंगी। बेशक उन व्यवस्थाओं पर अमेरिका का नियंत्रण रहा है। इसके अलावा ब्रिक्स की अपनी करेंसी शुरू करने की चर्चा भी रही है, हालांकि अब संकेत हैं कि यह मुद्दा इस बार एजेंडे पर नहीं है। इसके बजाय ब्रिक्स देश आपसी मुद्राओं में अपने अंतरराष्ट्रीय लेन-देने के भुगतान को बढ़ावा देने पर जोहानेसबर्ग में विचार करेंगे। यह चलन जितना बढ़ेगा, निर्विवाद रूप से उससे अमेरिकी डॉलर का दबदबा कमजोर होगा। यह भी निर्विवाद है कि ब्रिक्स के भीतर चीन की एक प्रभावशाली उपस्थिति है। इस कारण विस्तृत होता ब्रिक्स मंच चीन का प्रभाव रोकने की पश्चिम की कोशिश के विपरीत दिशा में जाएगा। तो कुल मिला कर इस पृष्ठभूमि के बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है। लाजिमी है कि वहां होने वाली चर्चाओं और उनके संभावित परिणामों पर दुनिया की निगाह टिकी हुई है।*



अशोक 'प्रवृद्ध'

**सिख गुरु गुरु गोविन्द सिंह ने भी भावी कल्कि अवतार और उनकी शक्ति को स्वीकार करते हुए दशम ग्रंथ में कहा है कि भगवान विष्णु का दशम अवतार कल्कि अवतार 100 सिखों का अवतार होंगे, जो इस युग की समाप्ति पर श्वेत घोड़े पर सवार होकर पापियों और दुष्टों का संहार करने आएंगे। पौराणिक व सिख ग्रंथों में कल्कि का उल्लेख होने के कारण लोग इन्हें पूर्ण सत्य मानकर भक्ति और साधना के साथ भविष्य के भगवान कल्कि अवतार का जन्म का इंतजार सदियों से करते आ रहे हैं।**

# कलियुग और कल्कि अवतार मान्यता

पौराणिक मान्यतानुसार भगवान विष्णु के सतयुग, त्रेतायुग और द्वापर युग में अब तक मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण और बुद्ध कुल नौ अवतार हो चुके हैं, और दसवें व अंतिम अवतार भगवान कल्कि के इस धरा पर अवतरण होने का इंतजार अभी चल रहा है। भगवान कल्कि का प्रकट होना अभी बाकी है। कल्कि अवतार को विष्णु का भावी और अंतिम अवतार माना गया है। पुराणों में कल्कि अवतार के कलियुग के अंतिम चरण में आने की भविष्यवाणी की गई है। वर्तमान में कलियुग का प्रथम चरण ही चल रहा है, लेकिन अभी से ही कलियुग के अंतिम चरण में होने वाले भावी कल्कि अवतार के लिए पूजा-पाठ और कर्मकांड आदि शुरू हो चुके हैं। अभी से ही भावी कल्कि अवतार के कथा, पुराण और जयंती पर्व तक प्रचलन में आ गए हैं। कल्कि भगवान की पूजा के लिए कई स्थानों पर मन्दिर भी बनाए जा चुके हैं। सबसे विशाल मन्दिर जयपुर राजस्थान में बना हुआ है। कल्कि अवतार की सम्भावित जन्मतिथि श्रावण शुक्ल षष्ठी को कल्कि जयंती के रूप में मनाने का प्रचलन भी है। बिना अवतार लिए ही प्रतिवर्ष कल्कि नामक इस भावी देवता की जयंती लगभग 300 वर्षों से मनाई जा रही है। इस जयंती को विधिवत मनाने की शुरुआत राजस्थान के मावजी महाराज ने की थी। श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को कल्कि जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष 2023 में कल्कि अवतार की जयंती 22 अगस्त को मनाई जाएगी।

कल्कि अवतार संबंधी वर्णन विष्णु पुराण, भागवत पुराण, भविष्य पुराण व विष्णु से संबंधित अन्य पौराणिक ग्रंथों में अंकित हैं। कल्कि पुराण तो सम्पूर्ण रूप से कल्कि अवतार को ही समर्पित है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के प्रस्थान से कलियुग की शुरुआत हुई थी। नन्द वंश के राज से कलियुग में वृद्धि हुई, वहीं भगवान कल्कि के अवतार से कलियुग का अंत होगा। कलियुग की अवधि 4,32,000 वर्ष बताई गई है। वर्तमान में कलियुग के 5,124 वर्ष व्यतीत हो चुके है। मान्यता के अनुसार जब कलयुग अपने चरम पर होगा, तब भगवान विष्णु अपने दसवें अवतार में भगवान कल्कि रूप में इस पृथ्वी पर अवतरित होंगे। और कलयुग का अंत कर एक नई सृष्टि का सृजन कर मनुष्य को सनातन वैदिक धर्म पर आरूढ़ कराएंगे। उनका 64 कलाओं से युक्त यह अवतार कलियुग और सतयुग के संधि काल में होगा। इसीलिए भगवान कल्कि के आगमन को चिह्नित करने के लिए प्रतिवर्ष सावन के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को कल्कि जयंती के रूप में मनाया जाता है।



**22 अगस्त -कल्कि जयंती**

पौराणिक ग्रंथों में युग परिवर्तनकारी भगवान कल्कि के अवतार का प्रयोजन विश्व कल्याणार्थ बताते हुए कहा गया है कि यह अवतार निष्कलंक भगवान के नाम से भी जाना जायेगा। संस्कृत शब्द कालका से कल्कि शब्द की उत्पति हुई है। कल्कि नाम ब्रह्मांड से सभी प्रकार के अधर्म, बुराई, गंदगी और कचरे को समाप्त करने वाले व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु भगवान अंधेरे बलों और इस संसार से अधर्म, बुराई को दूर करने के लिए कल्कि के रूप में प्रकट होंगे, और इस ब्रह्मांड में धर्म और शांति का स्थापन करेंगे। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवान कल्कि का अवतार संभल नामक ग्राम में होगा। श्रीमद्भागवत पुराण के 12वें स्कंद के 24वें श्लोक में गुरु, सूर्य और चन्द्रमा के एक साथ पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने पर भगवान कल्कि का जन्म होने की भविष्यवाणी करते हुए कहा गया है-

*सम्भलग्राममुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।*
*भवने विष्णुयशसः कल्किः प्रादुर्भविष्यति।।*

पौराणिक ग्रंथों में कल्कि अवतार का संभल ग्राम में होने का उल्लेख तो किया गया है, परंतु अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कल्कि अवतार का जन्म स्थान बताया जाने वाला संभल कहां, कौन से राज्य और किस जिले में स्थित है? कुछ लोग इसे उड़ीसा का संभल (संभरम्भ) ग्राम मानते हैं, तो कुछ का कहना है कि उत्तरप्रदेश के गंगा और रामगंगा के बीच बसे मुरादाबाद ज़िले का संभल गाँव ही कल्कि अवतार का जन्म स्थान होगा। कुछ भारत के मथुरा के पास स्थित वृन्दावन नामक ग्राम को मानते हैं। कुछ अन्य इसे चाइना के क्षेत्राधिकार के मरुस्थल में स्थित संभल गाँव मानते हैं। स्पष्ट है, अभी तक इनके जन्म स्थान के बारे में सर्वमान्य स्पष्ट राय नही बन पाई है।

मान्यतानुसार कलियुग के अंत में अधर्म का नाश कर सतयुग की पुनर्स्थापना के लिए कल्कि अवतार संभल नामक ग्राम में विष्णुयश नामक एक गौड़ ब्राह्मण परिवार में होगा। इनके जन्म के समय चन्द्रमा धनिष्ठा नक्षत्र और कुंभ राशि में होगा। सूर्य तुला राशि में स्वाति नक्षत्र में गोचर करेगा। गुरु स्वराशि धनु में और शनि अपनी उच्च राशि तुला में विराजमान होगा। इनकी माता का नाम सुमति होगा। अपने माता-पिता की पांचवीं संतान कल्कि यथासमय देवदत्त नाम के घोड़े पर आरूढ़ होकर अपनी कराल करवाल अर्थात तलवार से दुष्टों का संहार करेंगे। तब सतयुग का प्रारंभ होगा। इनके बड़े भाईयों का नाम सुमंत, प्राज्ञ, कवी होगा। याज्ञवलक्य उनके पुरोहित और भगवान परशुराम उनके गुरू होंगे। भगवान कल्कि की दो पत्नियाँ होंगी- लक्ष्मी रूपी पद्मा और वैष्णवी शक्ति रूपी रमा। इनके संतानों का नाम जय, विजय, मेघमाल, बलाहक होगा। वह ब्राह्मण कुमार बहुत ही बलवान, बुद्धिमान और पराक्रमी होंगे और मन में सोचते ही उनके पास वाहन, अस्त्र-शस्त्र, योद्धा और कवच उपस्थित हो जाएंगे। वे सब दुष्टों का नाश करेंगे। इस कार्य में इनका साथ श्रीराम भक्त हनुमान देंगे।

पौराणिक ग्रंथों में निष्कलंक अवतार कल्कि के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि भगवान का स्वरूप अर्थात सगुण रूप परम दिव्य होता है। दिव्य अर्थात देवीय गुणों से संपन्न। वे श्वेत अश्व पर सवार हैं। भगवान का रंग गोरा है, परंतु क्रोध में काला भी हो जाता है। वे पीले वस्त्र धारण किए हैं। उनके हृदय पर श्रीवत्स का चिह्न अंकित है। गले में कोस्तुभ मणि है। स्वयं उनका मुख पूर्व की ओर है तथा अश्व दक्षिण में देखता प्रतीत होता है। कल्कि का यह चित्रण कल्कि की सक्रियता और गति की ओर संकेत करता है। युद्ध के समय उनके हाथों में दो तलवारें होती हैं। पुराणों में कल्कि को सफ़ेद रंग के घोड़े पर सवार हो कर आततायियों पर प्रहार करते हुए चित्रित किया गया है। इसका अर्थ है- उनके आक्रमण में शांति अर्थात श्वेत रंग, शक्ति अर्थात अश्व और परिष्कार अर्थात युद्ध लगे हुए हैं। तलवार और धनुष को हथियारों के रूप में उपयोग करने का अर्थ है कि समीपस्थ व दूरस्थ दोनों तरह की दुष्ट प्रवृत्तियों का निवारण। कल्कि की यह रणनीति समाज के विचारों, मान्यताओं और गतिविधियों की दिशाधारा में बदलाव का प्रतीक ही है। कल्कि देवताओं के आठ सर्वोच्च गुणों का प्रतीक है। उनका मुख्य उद्देश्य एक विश्वासहीन संसार की मुक्ति है। कलयुग को अंधेरे के प्रतीक युग के रूप में माना जाता है, जहां लोग धर्म और विश्वास को नजर अंदाज़ कर देते हैं और वे भौतिकवादी महत्वाकांक्षा और लालच में अपने उद्देश्य को भूल जाते हैं।

(शेष बॉलीवुड पेज पर)

# लहार पुलिस की कार्यवाही 2.5 करोड़ कीमती अफीम का उत्पाद (डोढा चूड़ा) मय ट्रक के पकड़ा तीन आरोपी भी दबोचे

## मा.मुख्यमंत्री जी के दिशा-निर्देशन में म.प्र.पुलिस अपराधियों पर कर रही हैं सख्त कार्यवाही

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



**लहार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के दिशा निर्देशों के पालन में डीजीपी सुधीर कुमार सक्सैना के दिशा निर्देशन पर मध्य प्रदेश में आरोपियों पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सहायता के लिये म0प्र0 पुलिस सक्रियतापूर्वक कार्य कर रही हैं। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त सक्सैना एवं उपपुलिस महानिरीक्षक कृष्णावेनी देसावतु के मार्गदर्शन में नागरिको की सुरक्षा और अपराधो पर अकुश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कारवाई कर रही है इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुये सभी जिलो में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित दिया गया था।जिस पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन पर आगामी चुनाव-2023 को दृष्टिगत रखते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था उक्त सम्बन्ध में अनुविभागीय अधिकारी लहार रविन्द्र बिलवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार वरुण तिवारी को दिनांक 22.08.2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि अवैध मादक पदार्थ का एक ट्रक लहार क्षेत्र से होकर गुजरने वाला है उक्त सूचना को तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशो का पालन करते हुये थाना प्रभारी लहार द्वारा तत्काल एक टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर रावतपुरा सानी मोड के पास जाकर चेकिंग लगायी गयी कुछ समय बाद देखा एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस चेकिंग को देखकर डायवर स्पीड से ट्रक भगाने लगा पुलिस टीम द्वारा ट्रक कश्ष्ष्ठ 01रू9378 का पीछा करके घेराबन्दी कर ट्रक को पकड़ लिया गया तथा ट्रक में 03 व्यक्ति मिले जिनसे नाम व पता पूछा गया एवं ट्रक की तलाशी ली गयी तो उसमें केले और केले के चिलकों के नीचे 180 बोरी मिली, जिनमें कुल 3600 क्विटल अफीम का उत्पाद (डोढा चूडा) मादक पदार्थ मिला जो जप्त किया जाकर थाना लहार में धारा 8 / 20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जिसमे -1. अफीम का उत्पाद (डोढा चूडा) 3600 क्विंटल 2. एक ट्रक टाटा कंश्ष्ष्ठ 01रू9378 कुल बरामद माल-मशरूका की अनुमानित कीमत 2.5 करोड रुपये उक्त सम्बन्ध में सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है आरोपियों द्वारा बताया गया कि उक्त मादक पदार्थ पंजाब खपाने के लिये ले जा रहे थे आरोपियों से पूछताछ जारी है जिसमें और भी खुलाशे होने की सम्भावना है इस कार्यबाही में थाना प्रभारी लहार वरुण तिवारी की टीम में थाना प्रभारी मिहोना निरीक्षक राजेश सातनकर, सउनि दीवान सिंह, प्रआर0 मनोज, आर0 शैलेन्द्र सिंह, आर0 दीपक आरक्षक जितेंद्र एवम प्रदीप तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# भाजपा कार्यकतर्ता अपनी सकारात्मक सोच रखेंः रमेश मिश्रा

## दबोह में बदलापुर विधायक ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे




**दबोह।** लहार विधानसभा के दबोह में बदलापुर से आया हूँ और मुझे लहार में केंद्रीय नेतृत्व ने भेजा है।आप जो भी मुझे इस क्षेत्र की जानकारी देंगे वह सीधी केंद्रीय नेतृत्व को दी जाएगी।मंगलवार को दबोह स्थानीय विश्राम गृह पर दबोह मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा कही।आगे उन्होंने कहा कि इस बार लहार में हर कीमत पर कमल खिलाएंगे चाहे कुछ हो जाये।मैं माँ पीतांबरा माई से आशीर्वाद लेकर आया हूं।उन्होंने आगे कहा की नेतृत्व ने नारा दिया है कि मेरा बूथ सबसे मजबूत इस पर हमें काम करना है।भोपाल में हमे बताया गया था कि आप लहार जा रहे हैं तो हमे एकबार ऐसा लगा कि लहार में कुछ तो है।इसलिए लोग बार बार लहार के बारे में क्यो पूछ रहे हैं।लेकिन जब में लहार पहुंचा और यहां के कार्यकर्त्ताओ से मिला तब पता चला कि यहां का कार्यकर्त्ता बहुत मजबूत है।उन्होंने आगे कार्यकर्ताओ से कहा कि टिकिट एक को मिलेगा किसे मिलेगा यह काम केंद्रीय नेतृत्व फाइनल करेगा पर आप सबका प्रत्याशी कमल का फूल है।मैं यहां अभी सात दिबस के लिए आया हूँ पर चुनाव तक आपके साथ ही रहूंगा।कार्यक्रम के अंत मे उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सकारात्मक सोच रखे और नकारात्मक हमे दे दें। साथ ही अब आप क्षेत्र में या नगर में कही भी चर्चा करें तो सिर्फ भाजपा की विजय की चर्चा करें।नकारात्मक चर्चा न करे।वहीं केबिनेट मंत्री आशुतोष तिवारी ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज शास्त्री ने किया।

**कार्यकर्ताओ से मिले बन्द कमरे में**-बदलापुरा विधायक ने एक एक से भाजपा कार्यकर्ताओ से बन्द कमरे में मुलाकात की और जमीनी हकीकत जानी साथ ही उनकी समस्याओं को भी गम्भीरता से सुना।वही टिकिट को लेकर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने समर्थकों के बारे में अपनी बात रखी।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से मिले विधायक**-दबोह में बदलापुरा विधायक रमेश मिश्रा ने नगर की आगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओ से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना साथ ही उन्हें कुछ योजनाओं के टिप्स दिए।

# मऊगंज में सुखेंद्र सिंह बन्ना की सम्मान रैली कार्यक्रम में उमबड़ा जन सैलाब

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
(सम्भागीय ब्यूरो)





रीवा जिले से अलग होकर मऊगंज जिला बन गया जिसको लेकर के कांग्रेस के पूर्व मऊगंज विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के द्वारा जिला बनाने के लिए काफी संघर्ष किया गया था। यही वह मऊगंज था जहां पर सुखेंद्र सिंह बन्ना ने अपने 50000 से अधिक समर्थकों के साथ गिरफ्तारी दी थी। अंतत उनकी यह मांग पूरी हुई और मऊगंज क्षेत्र वासियों के लिए जिले के रूप में सौगात प्रदेश की सरकार के द्वारा दी गई है।

**उमड़ा जनसैलाब लगा लंबा जाम**-मऊगंज में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के मुख्य अतिथि में किया गया जहां पर मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के समर्थकों का जन सैलाब दिखाई दिया। वही गाड़ियों की भीड़ इतनी ज्यादा हो गई की 2 किलोमीटर से ज्यादा लंबा जाम लग रहा वहीं पुलिस प्रशासन को भी इस रैली में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

**बारिश ने डाला खलल**-जहां एक और व्यापक पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन हो रहा था कार्यक्रम में ही खलल डाल दिया और भीड़ इधर-उधर भागती दिखाई दी।

**मंच के सामने डटी रही भीड़**-बारिश ने खलल डाला तो पंडाल से बाहर खड़े एवं सड़क पर खड़े लोग तितर-बितर हो गए परंतु पंडाल के नीचे बैठे लोग अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए।

**पुलिस व्यवस्था रही व्यवस्थित**-चूंकि नवगठित मऊगंज जिले में अभी पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल नहीं है एवं ज्यादा भीड़ की आशंका को देखते हुए रीवा जिले से पुलिस बल को मंगाना पड़ा वहीं अगर व्यवस्था की बात की जाए तो व्यवस्था की दृष्टिकोण से पुलिस चौक चौबंद रही।

# समांन थाना पुलिस ने 3 लाख 20000 कीमती गांजा सहित एक तस्कर को किया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
(सम्भागीय ब्यूरो)




रीवा। समान थाना पुलिस ने अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी समान जीपी पटेल ने नसे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुखबीर सूचना के आधार पर के एक तस्कर से 44 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गाजा सहित एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी कीमती 10 लाख रुपए जप्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया कि दिनांक 21/08/ 2023 को रात करीबन 10ः00 मुखबिर से सूचना मिली और, कि एक गाजा तस्कर जिसके गाड़ी का नंबर एमपी- 53 सी. ए 8269 है। अपनी ग्रे कलर की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी के भीतर बड़ी-बड़ी बोरियों में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गाजा रखा हुआ है । रीवा मे किसी को सप्लाई करने वाला है । जिसके सूचना पर थाना प्रभारी जे.पी. पटेल ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए निर्देशानुसार रेड की कार्रवाई की। जिस पर आरोपी नवीन मिश्रा पिता सीता प्रसाद मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी चोरगड़ी थाना रामपुर नैकिन जिला- सीधी के कब्जे से 2 बोरियों में कुल 44 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गाजा कीमती 3लाख 20 हजार एवं एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी कीमती 10 लाख रुपए जप्त किया गया । आरोपी के विरुद्ध 8/ 20 (बी) एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत कार्यवाही की और। उक्त कार्रवाई में थाना समान के प्रधान आरक्षक 292 शिवाजी मिश्रा ,आरक्षक 1114 दीपक पांडे ,आरक्षक 114 बाबूलाल यादव ,आरक्षक 1070 शिवाकांत शर्मा ,प्रधान आरक्षक 73 नागेंद्र मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह ने उक्त कार्रवाई में सम्मिलित सभी अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# रीवा तत्कालीन बीआरसीसी से मारपीट का वीडियो वायरल विधायक के रिश्तेदार बताए जा रहे आरोपी

## 3 माह पुराना बताया जा रहा है वायरल वीडियो स्कूल में बीआरसीसी के निरीक्षण करने से थे नाराज






दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
(सम्भागीय ब्यूरो)

रीवा। त्योंथर में एक वायरल वीडियों का एक व्यक्ति को सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर लाठियों से पीटने का वीडियों चर्चा का विषय है। इस वायरल वीडियो में जिस व्यक्ति की पिटाई सड़क पर हो रही है। वह तत्कालीन त्योंथर के बीआरसीसी पद में पदस्थ है और जो व्यक्ति उन्हें लाठियों से पीट रहा है वह भाजपा के त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी के साले के लड़का बताया जा रहा है। यह वीडियों तीन से चार महीने का पुराना है। इस मारपीट के मामला चाकघाट थाने दर्ज है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं विवाद के बाद त्योंथर से बीआरसी पद से उन्हें हटा दिया गया है। सोशल मीडिया में वायरल इस वीडियों की पुष्टि पुष्पांजली टुडे नहीं करता है। सोशल मीडिया पर तत्कालीन त्योंथर बीआरसीसी के पिटाई का वीडियो वायरल, वायरल वीडियो में त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी के साले का लड़का बताया जा रहा है।

बीआरसीसी रहे विनोद पांडेय ने बताया कि तीन महीने पहले बह बसहट स्कूल के औंचक निरीक्षक करने के बाद दूसरे दिन स्कूल से घर जा रहे थें। इसी बीच रास्ते में भाजपा विधायक श्यामलाल द्विवेदी के साले राजेन्द्र पांडेय के पुत्र रत्न पांडेय व पीयूष पांडेय ने मिलकर लाठियों से पीटा। इतना नहीं उन्होंने मारपीट का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया । इस मामले की रिपोर्ट में चाकघाट थाने दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं है। इसके बाद वह अपनी परिवार की सुरक्षा को देखते हुए वह चुप बैठ गया है। इसके बाद विधायक ने सत्ता के दबाव मे उन्हें बीआरसी पद से हटा दिया गया है। विनोद पांडेय ने बताया कि इस घटना का सोशल मीडिया में वीडियों वायरल होने के बाद अब वह हायर सेकेंडरी पर स्कूल व छात्रों के सामने उन्हें शर्मशार हो पड़ता है । उन्होंने बताया कि विधायक के रिश्तेदार अक्सर इस तरह की मारपीट अन्य लोगों से करते है लेकिन मामले पुलिस में दर्ज नहीं होते है। एक शिक्षक के साथ सड़क पर खुले आम इस तरह मारपीट की घटना के बाद परिवार के लोग डर के साए में जी रहे हैं।

**विधायक ने भी तहसीलदार से की थी गली गलौच**-भाजपा के त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी इसके पहले उस समय चर्चा में आए है जब उन्होंने एक तहसीलदार को गली गलौच की थी, इसका आडियों में सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इसके बाद विधायक की शिकायत में सरकार ने तहसीलदार को हटा दिया गया ।

# रीवा में फिर हुई चोरी, दो घरों से लाखों के जेवरात सहित नगदी पार, देर रात हुई वारदात

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा
(सम्भागीय ब्यूरो )






**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगापुर में सोमवार की रात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी पार कर दिए हैं। चोरी की जानकारी घरवालों को सुबह हुई इसके बाद घटना की सूचना बिछिया पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची बिछिया पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटना के संबंध में पीड़ति सत्यम द्विवेदी निवासी गंगापुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजे के बगल से सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर घर के अंदर रखी पेटी उठाकर घर से आधा किलोमीटर दूर खेत में ले गए जहां पेटी को तोड़कर उसमें रखें सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी पार कर दी है। सत्यम द्विवेदी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने लगभग 3 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। वही चोरों ने गांव के ही रहने वाले झल्ला साकेत के घर में भी धावा बोला था जहां घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग एक लाख रुपए से ज्यादा कीमती सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए। पीड़ति लोगों द्वारा चोरी की शिकायत बिछिया थाने में दर्ज कराई गई है। जिसके बाद बिछिया पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मौके का मुआयना किया व अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

# लाड़ली बहनों को मिली सीएम की पाती

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना



**सतना।** पूरे देश में भाई-बहनों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन 30 अगस्त को श्रावणी पूर्णिमा पर मनाया जायेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी सवा करोड़ से भी अधिक लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्नेह और आशीर्वाद की पाती भेजी है। सतना जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में लगभग 3 लाख 73 हजार से अधिक हितग्राही बहनों को मुख्यमंत्री श्री चौहान की शुभकामना संदेश की पाती घर-घर जाकर पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा अपनी लाड़ली बहनों को दी गई शुभकामना संदेश की स्नेह की पाती प्राप्त कर सभी बहनें अपने भाई मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद और शुभकामनाएं प्रेषित कर रही है।

# जिले में अब तक 420.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

जिले में इस वर्ष 1 जून से 22 अगस्त 2023 तक 420.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे के दौरान जिले में 2.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 419.3 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 290 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 411 मि.मी., बिरसिंहपुर में 361.5 मि.मी., रामपुर बघेलान में 407.8 मि.मी., नागौद में 802.7 मि.मी., जसो (नागौद) में 277.5 मि.मी., उचेहरा में 472 मि.मी., मैहर में 275.3 मि.मी., अमरपाटन में 514 मि.मी. तथा रामनगर तहसील में 397.8 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1039.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 615..8 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# मंडलम और सेक्टर,बूथ को मजबूत करें,कांग्रेस सरकार बनाना हमारा लक्ष्य : हेमंत कटारे

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** अटेर के पूर्व विधायक हेमंत कटारे के निज निवास अटेर रोड पर आयोजित मंडलम, सेक्टर की महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमे सभी को कार्य पत्रक भी वितरित किए गए। बैठक में जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अटेर पूर्व विधायक हेमंत सत्यदेव कटारे ने कहा कि मंडलम और सेक्टर, बूथ को मजबूत करना ही हमारा लक्ष्य है। सभी ब्लाक अध्यक्षों को सक्रियता के साथ काम करना होगा। मंडलम, सेक्टर, बूथ इकाइयों में निष्ठावान कार्यकर्ता को स्थान जरूर दें। हर एक सीट पर जीतने का लक्ष्य बनाए तभी कांग्रेस की सरकार बनेगी। भाजपा के कुशासन से मुक्ति के लिए कांग्रेस सरकार बनाना ही हर कार्यकर्ता का उद्देश्य होना चाहिए। आप सबकी ज़िम्मेदारी है,की अपनें अपने बूथ पर बड़े अंतर से पार्टी को विजयी श्री दिलाए। चुनाव के लिए अब समय नही है कभी भी चुनाव आयोग तारिक निश्चित कर सकता है इसलिए चुनाव की तैयारी अभी से करें जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और हम सबके नेता श्री कटारे ने बड़े ही विश्वास के साथ आप सबको ज़िम्मेदारी सौंपी है आप सब पूरी जिम्मेदारी से अपना काम करें, आने वाला समय हमारा होगा। इस अवसर पर मंडलम, सेक्टर, बूथ प्रभारियों को मंडलम, सेक्टर और बूथ की जानकारी से अवगत कराया। और उनको पत्रक पुस्तिका भी वितरित की गई। बैठक में पूर्व विधायक हेमंत कटारे के अलावा संगठन मंत्री इरशाद अहमद, अरविंद बघेल ब्लॉक अध्यक्ष, चतुर सिंह नरवरिया,राजा सिंह भदोरिया, देव सिंह गुर्जर मंडल अध्यक्षों में सजमेरी पठान,रामनिवास कुशवाह,रामजी चौबे,श्रीपाल सिंह भदोरिया,जितेंद्र बोहरे,विद्यासागर पुरोहित, महेश यादव,महेंद्र सिंह भदोरिया उर्फ बबलू,योगेश शर्मा,रमेश दुबे,दिनेश सिंह भदोरिया,लक्ष्मण सिंह गुर्जर,मुकेश शर्मा,अजमेर सिंह भदोरिया,भारत सिंह जाटव,बलराम सिंह यादव,और नरेश सिंह बघेल सहित एक सैकड़ा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### तिलक को एशिया कप खिलाना साहसी फैसला: मूडी

**नई दिल्ली,वार्ता।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने एशिया कप के लिये भारतीय टीम में युवा वामहस्त बल्लेबाज तिलक वर्मा को शामिल करने के फैसले को ₹साहसी और समझदार₹ क़रार दिया है। मूडी ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा, ₹मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत चयन है। मैं इसे बहादुर कहूंगा, लेकिन साथ ही मैं इसे समझदारी भी कहूंगा। वह (तिलक) साफ तौर पर एक उभरता हुआ खिलाड़ी है। उसके पास न केवल कौशल है बल्कि जबरदस्त मानसिक मज़बूती भी है और वह लगातार उसे दिखा रहा है। हमने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाज की अहमियत के बारे में बात की है। इसलिए उसका पांचवें या छठे नंबर पर आना भारत के लिये मूल्यवान होगा, खासकर स्पिन के खिलाफ संतुलन बनाये रखने के लिये। इस बीच, पूर्व भारतीय बल्लेबाज और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने मूडी की बात से सहमति जताते हुए कहा कि भारत को मध्यक्रम में एक ऐसे बल्लेबाज की ज़रूरत है जो प्रभावी पारियां खेल सके। मांजरेकर ने कहा, उनके घरेलू करियर को देखिये, उनके पास भारत के लिये बुलावे के लायक आंकड़े हैं। सीमित ओवर क्रिकेट में उनमें कमजोरी ढूंढना मुश्किल है।

जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर कुछ प्रभावशाली, गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों की जरूरत है। भारतीय क्रिकेट में नंबर एक, दो और तीन के लिये जबरदस्त भीड़ है। आइए इन नंबर चार, पांच, छह के बल्लेबाजों को मौका दें।

### इंस्टीट्यूशनल लीग के लिए एआईएफएफ को मिला बेहतरीन रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली,आईएएनएस।** कुछ फेमश इंस्टीट्यूशनल टीमें, जिन्होंने एक समय भारतीय घरेलू फुटबॉल परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाया था और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों की एक श्रृंखला तैयार की थी। उन्होंने एआईएफएफ इंस्टीट्यूशनल लीग में खेलने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की है, जो जल्द ही शुरू होगी। इंस्टीट्यूशनल टीमों में वो बड़े नाम हैं, जिन्हें एक बार फिर मैदान पर देखा जा सकता है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), इंडियन नेवी, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), ईएसआईसी, चेन्नई कस्टम, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, दिल्ली और अन्य शामिल हैं। बीएसएफ एक समय मजबूत टीम थी, जिसने अपने सुनहरे दिनों में सात बार डूरंड कप जीता। मंजीत सिंह, नरेंद्र गुरुंग और कई अन्य खिलाड़ियों को सामने लाय एफसीआई भी उतनी ही मजबूत थी, जिसकी लाइन-अप अतनु भट्टाचार्य, कृषाणु डे, विकास पंजी, विक्टर अमलराज, बाबू मणि और कई अन्य खिलाड़ियों से भरी हुई थी।

# भारतीय तीरंदाजी: कहीं पे निगाहें, कहीं पे निशाना!

■ राजेंद्र सजवान



भारतीय तीरंदाजों के धमाकेदार प्रदर्शन से उत्साहित खेल प्रेमी अक्सर यह सवाल पूछते हैं कि हमारे तीरंदाज अब तक कोई ओलंपिक पदक क्यों नहीं जीत पाए? राम, अर्जुन और एकलव्य जैसे धनुर्धरों की भूमि कब कोई ओलंपिक चैंपियन तीरंदाज पैदा कर पाएगी कहना मुश्किल है। पेरिस में संपन्न वर्ल्ड कप में भारत ने पुरुष और महिला वर्ग के टीम खिताब जीत कर भले ही भविष्य में बेहतर करने की उम्मीद जगाई है लेकिन यह प्रदर्शन इसलिए ओलंपिक पदक की गारंटी नहीं है क्योंकि हाल की सफलता कंपाउंड इवेंट में मिली है, जोकि ओलंपिक का हिस्सा नहीं है। बेशक, इस साल भारतीय तीरंदाजों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन यह प्रदर्शन एशियाड और कामनवेल्थ तक ही मान्य हो सकता है।

ओलंपिक में कुछ कर गुजारना है तो रीकर्व तीरंदाजी में बेहतर करना होगा। जाहिर है कंपाउंड में मिली कामयाबी पर जीत का जश्न मनाने वालों को कुछ हट कर सोचना पड़ेगा। सच्चाई यह है कि तीरंदाजी को अपने देश ने कभी गंभीरता से लिया ही नहीं।

भारतीय तीरंदाजी संघ और उसके कोचों के पास खेल का सिस्टम सुधारने की कोई प्लानिंग भी नहीं है। नतीजन सालों से बस तीर तुक्के चलाए जा रहे हैं। कभी लिंबा राम का नाम लेकर तो कभी दीपा कुमारी और अतानु दास तो कभी तरुण दीप राय आदि के प्रदर्शन पर तीरंदाजी की शीर्ष संस्था का अस्तित्व कायम रहा है।

पिछले 40 सालों से भारतीय तीर निशाने चूकते रहे, नामी खिलाड़ियों पर करोड़ों लुटाए गए लेकिन विश्वविख्यात धनुर्धरों के देश ने एक भी ओलंपिक चैंपियन पैदा नहीं किया। रीकर्व में खराब प्रदर्शन के चलते एक भी भारतीय अब तक पेरिस ओलंपिक का कोटा अर्जित नहीं कर पाया है। ऐसे में बेहतर यह होगा कि कंपाउंड में जीत का जश्न मनाने वाले रीकर्व इवेंट के बारे में गंभीरता से सोचें। पिछले कुछ सालों में दीपिका कुमारी ने भारतीय महिलाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन वह तीन ओलंपिक खेल कर एक भी कांसे का पदक नहीं जीत पाई।

हां, इस वर्ल्ड चैंपियन और नंबर एक रैंकिंग की खिलाड़ी के नाम एशियाई खेलों में एक कांस्य जरूर दर्ज है। अतानु दास दो ओलंपिक और इतने ही एशियाड खेल कर खाली हाथ है। तरुण दीप राय तीन ओलंपिक में खेलने के बाद भी पदक नहीं जीत पाए। अन्य का प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है, जिनमें डोला बनर्जी, अभिषेक वर्मा, बोंबायला देवी, जयंत तालुकदार जैसे नाम भी शामिल हैं।

सरकार करोड़ों खर्च करती आ रही है। लेकिन भारतीय तीरंदाजी के श्रेष्ठ लिंबा राम की सुध लेने वाला कोई नहीं है। वह गंभीर बीमारी से ग्रस्त है।

उसकी पत्नी जेनी मीडिया और सोशल मीडिया पर लिंबा का दुखड़ा रोती है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। यह ना भूलें कि भारतीय तीरंदाजी का एकलव्य 1992 के बार्सिलोना ओलंपिक की 70 मीटर स्पर्धा में मात्र एक अंक से ओलंपिक पदक चूक गया था।

## भारतीय टीम से बाहर होने से हताश हो गया था: पुजारा

**लंदन** ■ भाषा/डेस्क



अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने सोमवार को स्वीकार किया कि भारतीय टेस्ट टीम से बाहर होना एक निराशाजनक अनुभव था और इससे उन्हें आत्म-संदेह और अहं पर चोट का सामना करना पड़ा।

पैंतीस साल के इस बल्लेबाजी को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली थी। भारत के लिए 103 टेस्ट खेलने वाले पुजारा ने राष्ट्रीय टीम के लिए पिछला टेस्ट जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के रूप में खेला था जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे।

पुजारा ने 'फाइनल वर्ड पोडकास्ट' से कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। यह एक खिलाड़ी के रूप में आपकी परीक्षा लेता है क्योंकि 90 से अधिक टेस्ट खेलने के बावजूद मुझे अब भी खुद को साबित करना पड़ता है। मुझे अब भी साबित करना पड़ता है कि मैं वहां रहने का हकदार हूं। यह अलग तरह की चुनौती है।

# एशिया कप के लिये टीम में राहुल, अय्यर की वापसी

### श्रेयस अय्यर कमर की चोट और सर्जरी के रिहैब से गुज़र रहे थे।

**नई दिल्ली** ■ वार्ता/डेस्क



केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने अपनी-अपनी चोटों से उभरकर भारत की 17-सदस्यीय एशिया कप टीम में जगह बना ली है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। अय्यर जहां कमर की चोट और सर्जरी के रिहैब से गुज़र रहे थे, वहीं राहुल ने जांघ में चोट लगने के बाद सर्जरी करवाई थी।

राष्ट्रीय राजधानी में चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर द्वारा घोषित 17 सदस्यीय एशिया कप टीम में बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा भी शामिल हैं।

जिन्होंने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है। आयरलैंड में चल रही टी20 सीरीज के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी एशिया कप टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। वेस्टइंडीज के पूरे दौरे के लिये आराम दिये जाने के बाद मोहम्मद शमी ने वापसी की, जबकि मोहम्मद सिराज, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाजी आक्रमण को पूरा करते हैं। आगरकर ने तिलक के चयन पर कहा, हमने वेस्टइंडीज में न केवल प्रदर्शन बल्कि स्वभाव के मामले में कुछ वास्तविक संभावनाएं देखीं।

इससे हमें उसे टीम के साथ ले जाने का मौका मिला है। सौभाग्य से हम यहां 17 खिलाड़ी चुन सकते हैं। विश्व कप में यह संख्या घटकर 15 हो जायेगी। समय आने पर हम यह निर्णय लेंगे, लेकिन फिलहाल कोच और कप्तान के पास उन्हें टीम में शामिल करने का मौका है। अनुभवी लेगस्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम से बाहर कर दिया गया, जबकि कुलदीप यादव को एकमात्र कलाई के स्पिनर के रूप में प्राथमिकता दी गई। रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल स्क्वाड के दो वामहस्त स्पिनर हैं, जबकि टीम में कोई ऑफ स्पिनर शामिल नहीं है।

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने एक ऑफस्पिनर के तौर पर (रविचंद्रन) अश्विन और वॉशी (वाशिंगटन सुंदर) के बारे में भी सोचा था लेकिन अभी आप देख रहे हैं कि चहल को बाहर होना पड़ा क्योंकि हम केवल 17 खिलाड़ियों को ही चुन सकते थे। उन्होंने कहा, उन्हें तभी चुना जा सकता था जब कोई तेज़ गेंदबाज़ बाहर हो। हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि अगले दो महीनों में तेज़ गेंदबाज़ बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। उनमें से कुछ लंबे समय के बाद वापस आ रहे हैं, इसलिए हम उन्हें अच्छी तरह से देखना चाहते थे। टीम के दरवाजे किसी के लिये बंद नहीं हैं। कोई भी किसी भी समय आ सकता है। अगर हमें लगता है कि हमें विश्व कप के लिये चहल की जरूरत है, तो हम देखेंगे कि उन्हें कैसे ला सकते हैं। वॉशी या अश्विन के लिये भी यही बात लागू होती है। राहुल के बाद दूसरे विकेटकीपर के तौर पर सैमसन की जगह ईशान किशन को चुना गया, हालांकि मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा कि राहुल अभी भी पूरी तरह फिट नहीं हैं इसलिए सैमसन एक अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में श्रीलंका जायेंगे।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया

**डसेलडोर्फ** ■ आईएएनएस/डेस्क



भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को चार देशों के टूर्नामेंट-डसेलडोर्फ-2023 में इंग्लैंड को 4-0 से हरा दिया। भारत को राजिंदर सिंह (13'), आमिर अली (33'), अमनदीप लाकड़ा (41') और अरजीत सिंह हुंदल (58') के गोल की बदौलत जीत मिली।

मैच की शुरुआत बेहद धीमी रही और दोनों टीमें शुरुआती गोल की तलाश में थी। भारत ने इंग्लैंड को रोकने के लिए शानदार डिफेंस का प्रदर्शन किया राजिंदर सिंह (13') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

एक गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रवैया अपनाया। लेकिन, विष्णुकांत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपना दबदबा जारी रखा और इंग्लैंड को गोल करने का एक भी मौका नहीं दिया। भारत हाफटाइम तक 1-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में आमिर अली (33') ने भारत की बढ़त और बढ़ा दी। 2-0 की बढ़त के साथ भारत ने मैच पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत में अमनदीप लाकड़ा (41') ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला, जिससे भारत ने अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली।

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## प्रणय-सेन बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे

**कोपेनहेगन** ■ भाषा/डेस्क



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सोमवार को यहां क्रमशः कोले कोलजोनेन और जॉर्जेस जूलियन पॉल पर सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए।

विश्व चैम्पियनशिप के पिछले दो सत्र में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने वामहस्त कोलजोनेन को सीधे गेम में 24-22, 21-10 से हराया। प्रणय की फिनलैंड की इस खिलाड़ी के खिलाफ यह तीन मैचों में तीसरी जीत है।

राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मॉरीशस के पॉल को महज 25 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-12, 21-7 से शिकस्त दी विश्व चैम्पियनशिप (2021) में कांस्य पदक जीत चुके अल्मोडा के शटलर के सामने अगले दौर में कोरिया के जियोन ह्योक जिन जबकि केरल के 31 वर्षीय खिलाड़ी प्रणय के सामने इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो की चुनौती हो सकती है। कोलजोनेन ने शुरुआती गेम में प्रणय को कड़ी टक्कर दी लेकिन इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम को एकतरफा अंदाज में जीतकर मैच अपने नाम किया।

पहले गेम में कोलजोनेन ने प्रणय पर 8-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की।

प्रणय ने इसके बाद वापसी करते हुए ब्रेक के समय तीन अंक (11-8) की बढ़त कायम कर ली। ब्रेक के बाद भी दोनों खिलाड़ी के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला जहां कोई भी खिलाड़ी दूसरे को आसानी से अंक बनाने का मौका नहीं दे रहा था। कोलजोनेन ने तीन गेम प्वाइंट हासिल किये लेकिन प्रणय ने अपना धैर्य बनाये रखा और तीनों गेम प्वाइंट का बचाव कर अच्छी वापसी की।

उन्होंने बेकहैंड के शानदार इस्तेमाल से कोलजोनेन को एक बार फिर से गेम प्वाइंट भुनाने से रोक दिया।

## कोको गॉफ ने महिला एकल का खिताब जीता

**मेसन,एपी।** अमेरिका की कोको गॉफ ने करोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। गॉफ ने फाइनल में मुचोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। यह 19 वर्षीय खिलाड़ी पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय में सिनसिनाटी में खिताब जीतने वाली पहली किशोरी हैं। फ्रेंच ओपन 2022 की उपविजेता गॉफ का यह पहला मास्टर्स 1000 खिताब है। उन्होंने चौथे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की।

## नोवाक जोकोविच ने फाइनल में अल्काराज को हराया

**सिनसिनाटी** ■ आईएएनएस/डेस्क



23 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के फाइनल में हराकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। या यूं कह लीजिए दर्शकों को सिनसिनाटी मास्टर्स फाइनल में विंबलडन फाइनल का रीमैच देखने का मौका भी मिला। हालांकि, इस बार जीत नोवाक जोकोविच की हुई।

अंत तक दोनों खिलाड़ी एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते रहे। एक बेहद चुनौतीपूर्ण मैच में जोकोविच ने 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। जोकोविच का यह 39वां मास्टर्स खिताब है।

## सात वर्ष पुराने प्रकरण में फरार 04 स्थाई वारण्टी गिरफ्तार

### श्री आशुतोष गुप्ता(भापुसे) पुलिस अधीक्षक महोदय, सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री महेन्द्र सिंह चौहान सीएसपी सतना के मार्गदर्शन पर मिली कामयाबी

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

घटना विवरण-माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी सतना के प्रकरण क्रमांक 1019/16 धारा 294, 323, 506, 34 द्वश्रष में फरार आरोपी 1. हरिप्रसाद उर्फ लोली पिता चैता मल्लाह 58 वर्ष निवासी सिजहटा 2. ऋषि पिता हरिप्रसाद उर्फ लोली मल्लाह 40 वर्ष निवासी सिजहटा 3.समयलाल उर्फ श्यामलाल पिता सुखलाल मल्लाह 26 वर्ष निवासी सिजहटा 4. सुखलाल पिता चैता मल्लाह 58 वर्ष निवासी सिजहटा थाना कोलगवां के विरुद्ध जारी स्थाई वारंट की तामीली करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया ।

**सराहनीय भूमिका**- निरीक्षक सुदीप सोनी थाना प्रभारी कोलगवां, सउनि मुकेश सिंह, प्रआर कमलाकर सिंह, आर. कृष्णरंजन की सराहनीय भूमिका रही है।

## सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग भिण्ड में चाइल्ड हैल्पलाईन कन्ट्रोल रूम स्थापित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

*भिण्ड । कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने महिला एवं बाल विकास संचालनालय एवं भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देषानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग भिण्ड में स्थाई रूप से चाईल्ड हैल्पलाईन कन्ट्रोल रूम स्थापित कर दिया है। कलेक्टर ने बताया कि मिषन वात्सल्य के प्रावधान अनुसार चाईल्ड हैल्पलाईन यूनिट का संचालन जिला स्तर पर कलेक्टर के अधीन किया जाएगा। जिसे ईआरएसएस 112 से इन्ट्रीग्रेट किया जाना है। कन्ट्रोल रूम अन्तर्गत तीन कक्ष सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग भिण्ड में स्थाई रूप से आरक्षित कर चाईल्ड हैल्पलाईन कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें आपातकालीन स्थिति में आए बच्चों को तात्कालिक और पुनर्वास की सेवाऐं उपलब्ध कराई जाएगी। जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना हेतु सी-डेक द्वारा हॉर्डवेयर वितरण एवं बीएसएनएल द्वारा कनेक्टिविटी का कार्य कराया जा रहा है।*

# अपने निर्देशन के पहले प्रोजेक्ट से खुश दिशा पटानी



एक्ट्रेस दिशा पटानी, जिन्होंने हाल ही में रिलीज हुए म्यूजिक वीडियो 'क्यों करूं फिक्र' के साथ निर्देशक के तौर पर डेब्यू किया, ने कहा कि इससे उन्हें खुद को परखने में मदद मिलती है। यह पर्सपेक्टिव को बदलने के लिए एक रोमांचक चुनौती थी। वीडियो का निर्देशन करने के साथ-साथ एक्ट्रेस इसमें अभिनय भी कर रही हैं। जहां तक म्यूजिक वीडियो के मैसेज की बात है तो यह बेहद सार्थक है कि कैसे किसी को दुनिया के सभी फैसलो से बेफिक्र रहना चाहिए और सिर्फ खुद पर ध्यान देना चाहिए। इस बात से परेशान नहीं होना चाहिए कि दूसरे आपको नीचा दिखाने के लिए क्या कहते हैं।"

दिशा ने कहा, आखिरकार 'क्यूं करूं फिक्र' के साथ अपना एक हिस्सा सामने लाकर मुझे अत्यधिक संतुष्टि और खुशी महसूस हो रही है। इस बार निर्देशक की भूमिका निभाकर मुझे खुद को एक अलग तरीके से पहचान करने में मदद मिली है।

उन्होंने आगे कहा, 'पर्सपेक्टिव को कैमरे के सामने से हटाकर कैमरे के पीछे भी होना एक रोमांचक चुनौती थी। मैं पूरी टीम की बहुत आभारी हूं जो इसका हिस्सा थी और मेरे विजन पर विश्वास करती थी। मुझे उम्मीद है कि लोग दुनिया के ताने-बानों से मुक्त होने और खुद पर ध्यान देने के मैसेज के साथ जुड़ेंगे। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो दिशा पटानी 'कल्कि 2898 एडी' और 'कांगुवा' फिल्मों में दिखाई देंगी। इसके अलावा, वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'योद्धा' का भी हिस्सा हैं।

## सामंथा ने शेयर किया न्यूयॉर्क का किस्सा



एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भावुक नोट शेयर करके बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 'द बिग एप्पल' से की थी। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर न्यूयॉर्क में हो रहे स्वतंत्रता दिवस परेड से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। एक्ट्रेस को रितु कुमार के शानदार आउटफिट में देखा जा सकता है। नोट में सामंथा ने बताया कि कैसे न्यूयॉर्क शहर उसके लिए बेहद खास है। वहां अपनी पहली फिल्म की शूटिंग से लेकर यहां सुर्खियां बटोरने तक, उन्होंने निश्चित रूप से एक लंबा सफर तय किया है।

## 'गदर 2' की सफलता पर उत्कर्ष ने किया भांगड़ा



पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'गदर 2' की भारी सफलता के बाद अभिनेता उत्कर्ष शर्मा बेहद खुश हैं। उन्होंने इस सफलता का जश्न ‘हिंदुस्तान जिंदाबाद’ का नारा लगाकर और भांगड़ा करके मनाया। उत्कर्ष 'गदर 2' की सफलता का जश्न मनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे। उनके साथ उनके पिता और फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा, अभिनेत्री सिमरत कौर और मनीष वाधवा भी थे। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और निर्मित 'गदर 2' 2001 में आई फिल्म 'गदर: एक प्रेम कथा' का सीक्वल है। इसे शक्तिमान तलवार ने लिखा है। फिल्म में तारा सिंह के रूप में सनी देओल, सकीना के रूप में अमीषा पटेल और चरणजीत के रूप में उत्कर्ष शर्मा हैं, जो पहली फिल्म की अपनी भूमिकाओं को दोहरा रहे हैं।



## 'समुद्र तट पर सूर्यास्त देखना जीवन को बेहतर बनाता है' : निकिता दत्ता

'लस्ट स्टोरीज', 'कबीर सिंह', 'द बिग बुल' और 'गोल्ड' जैसी अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री निकिता दत्ता ने अपनी समुद्र तट की तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर आग लगा दी है। निकिता ने फोटो-शेयरिंग ऐप पर अपनी मालदीव छुट्टियों की कई पुरानी तस्वीरें साझा की है। तस्वीरों में वह ब्लैक स्लीवलेस बॉडीकॉन स्विमसूट में नजर आ रही हैं और उनके बाल खुले हुए हैं।

एक फोटो में वह पूल के अंदर बैठकर पोज दे रही हैं। एक अन्य तस्वीर में वह समुद्र तट पर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह खुशी-खुशी पानी से खेलती नजर आ रही हैं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, "समुद्र तट पर सूर्यास्त देखना और साथ ही पूल में बैठना जीवन को बेहतर बनाता है। निकिता की धुआंधार हॉट तस्वीरें देखकर फैंस बेकाबू हो गए। उन्होंने अभिनेत्री की तारीफ में हॉटनेस एक्सप्लोजन, प्यारी तस्वीरें, अद्भुत, भव्य, फायर है तू, हॉट ब्लेक पेपर और कातिल जैसे शब्द कहे। अभिनेत्री को कॉमेडी ड्रामा 'रॉकेट गैंग' में तानिया के रूप में देखा गया था। फिल्म में आदित्य सील ने अमरबीर और जेसन थाम की भूमिका निभाई थी। फिल्म में रणबीर कपूर को हर बच्चा है रॉकेट गाने में एक विशेष भूमिका में दिखाया गया था।

निकिता को नीरज पांडे द्वारा बनाई गई वेब सीरीज 'खाकी : द बिहार चेप्टर' में भी देखा गया था। इसमें करण टेकर (आईपीएस अमित लोढ़ा की भूमिका में) मुख्य भूमिका में थे। उन्होंने क्राइम थ्रिलर सीरीज में अमित की पत्नी तनु लोढ़ा का किरदार निभाया था। वह अगली बार 'घराट गणपति' से मराठी डेब्यू करेंगी। निकिता की झोली में 'डेंगी' भी है।

विचार पेज का शेष

## कलियुग और कल्कि अवतार मान्यता

मान्यता है कि विभिन्न भ्रष्ट राजाओं की हत्या के बाद, भगवान कल्कि मनुष्यों के दिलों में भक्ति का भाव जगाएंगे। लोग धर्म के मार्ग का अवलंबन और शुद्धता के युग का पालन करना शुरू कर देंगे, जिससे सनातन वैदिक धर्म पर विश्वास पुनः वापस आ जाएगा।

भगवान विष्णु के सबसे क्रूर अवतारों में से एक माने जाने वाले कल्कि अवतार की इस कथा को शाक्तगण देवी काली के साथ भी जोड़कर देखते हैं। उनका कहना है कि काली देवता की तस्वीर में सफेद घोड़े पर सवार हाथ में तलवार लिए दिखाई देने वाले कल्कि भगवान ही हैं, जिनके घोड़े के तीन पैर जमीन पर हैं, जबकि एक हवा में हैं। उनका मानना है कि सफेद घोड़े का यह पैर धीरे-धीरे जमीन पर आ रहा है, जिस दिन यह पूर्णतया जमीन पर आ जाएगा, वह कल्कि अवतार का समय होगा। इस दिन से कलयुग का अंत और नये युग की शुरुआत मानी जाएगी।

सिख गुरु गुरु गोविन्द सिंह ने भी भावी कल्कि अवतार और उनकी शक्ति को स्वीकार करते हुए दशम ग्रंथ में कहा है कि भगवान विष्णु का दशम अवतार कल्कि अवतार 100 सिखों का अवतार होंगे, जो इस युग की समाप्ति पर श्वेत घोड़े पर सवार होकर पापियों और दुष्टों का संहार करने आएंगे। पौराणिक व सिख ग्रंथों में कल्कि का उल्लेख होने के कारण लोग इन्हें पूर्ण सत्य मानकर भक्ति और साधना के साथ भविष्य के भगवान कल्कि अवतार का जन्म का इंतजार सदियों से करते आ रहे हैं। श्रावण शुक्ल षष्ठी के दिन कल्कि जयंती के अवसर पर विष्णु भक्त भगवान विष्णु के कल्कि रूप की पूजा- अर्चना कर शांतिपूर्ण जीवन के लिए उनसे आशीर्वाद प्राप्ति हेतु प्रार्थना करते हैं, और अपने सभी बुरे कर्मों या पापों के लिए भी क्षमा मांगते हैं।

## समय अधिक नैतिक, सक्रिय होने का

ऐसे भयावह समय में साहित्य एक तरह से सत्याग्रह है: वह सारे झूठों से घिरे रहकर भी यथासंभव सच कहने, सच पर अड़े रहने और अलोकप्रिय हो जाने, अकेले और निहत्थे पड़ जाने तक का जोखिम उठा रहा है। साहित्य घृणा-हिंसा-झूठ-झांसों के सभी गठबंधनों, उनकी अभिव्यक्ति और सक्रियता के सभी मंचों और अवसरों से असहयोग कर रहा है। जो झूठ-घृणा-हिंसा फैला रहे हैं ऐसे सभी उपक्रमों की, फिर वे सत्ता में हों या मीडिया या धर्मों में, साहित्य आज सविनय अवज्ञा कर रहा है। साहित्य ऐसे समय में अपने स्वराज को स्थगित या किनारे पर नहीं कर सकता: वह उस पर इसरार कर स्वतंत्रता का भूगोल बचाने-बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

साहित्य का परिसर निर्भयता का परिसर होता है: आज के डरावने माहौल में वह स्वयं निर्भय है, निर्भयता का पाठ सिखाता है और निर्भयता का बिरला उदाहरण बन गया है। साहित्य का धर्म इस समय यही है कि वह याद रखे, याद करे और याद दिलाए: सच बोले और सच बोलने वालों की जोखिम में पड़ने वाली बिरादरी का निस्संकोच हिस्सा बने।

राजनीति की सर्वग्रासिता के बरक्स साहित्य आज जीवन की बहुलता, मानवीय गरमाहट, संभावना-विकल्प-स्वप्नशीलता की रंगभूमि बने और बना रहे। साहित्य इस समय प्रश्नांकन, आलोचना, असहमति का शरण्य, पनाहगाह बने। साहित्य अपना सत्व, अपनी जिजीविषा, अपनी कल्पना-शक्ति को तभी बचा सकता है जब वह इस कठिन समय में अंतःकरण, साहस, प्रतिरोध, अध्यात्म और सत्य का आखिरी दुर्जेय बुर्ज बनकर उभरे और खड़ा रहे, अप्रतिहत।

कुछ को लग सकता है कि यह सब साहित्य से उम्मीद करना कुछ बहुत अधिक की अपेक्षा करना है। यह असाधारण समय है, भारतीय सभ्यता के संकट का क्षण है और इस समय साहित्य से कुछ कम की अपेक्षा रखना उसके महत्व और प्रभाव को कम आंकने जैसा होगा। यह समय साहित्य को मुहलत देने का नहीं, उससे अधिक नैतिक, अधिक सक्रिय होने की अपेक्षा करने का ही है।

(साभार- दवायर)

बहुरंग

## जूही चावला की फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री जूही चावला की आने वाली फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

फ्राइडे नाइट प्लान में जूही चावला और बाबिल खान मां और बेटे के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अमृत जयान की भी अहम भूमिका है,जो बाबिल के भाई का किरदार निभा रहे हैं। फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म दो भाइयों की जर्नी और उनके बॉन्ड की कहानी है। ट्रेलर में दो भाइयों की जर्नी और एक वीकेंड पर उनके पार्टी प्लान के बारे में है। जब कैसे मां के घर पर ना होने का फायदा दोनों भाई उठाते हैं और पार्टी का प्लान बनाते हैं। लेकिन ये प्लान कैसे फ्लॉप हो जाता है और क्या गड़बड़ होती है ये देखना वाकई दिलचस्प होगा। फ्राइडे नाइट प्लान को फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के एक्सेल एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। वहीं, इस फिल्म को वत्सल नीलकंठ ने निर्देशित किया है। फ्राइडे नाइट प्लान 01 सितंबर 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी।

दिलचस्प

## अनुपम खेर को पसंद आयी ओह माय गॉड 2




बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर को ओह माय गॉड 2 बेहद पसंद आयी है। अनुपम खेर ने अपनी मां के साथ 'ओह माय गॉड 2' देखी। अनुपम खेर ने कहा फिल्म में कुछ भी कॉन्ट्रोवर्शियल नहीं है। यह एक शानदार फिल्म है। यह एक खूबसूरत फिल्म है, जिसमें एक अद्भुत सामाजिक संदेश है और यह आश्चर्यजनक रूप से मनोरंजक है। पंकज त्रिपाठी का काम बेहतरीन है, अक्षय कुमार शानदार हैं और पवन मल्होत्रा भी अच्छे हैं।फिल्म का ट्रीटमेंट बहुत अच्छा है। फिल्म का निर्देशन करने वाले अमित राय ने अच्छा काम किया है। यहां तक कि मेरी मां को भी फिल्म पसंद आई। अनुपम खेर ने कहा, मुझे लगता है कि यह फिल्म आज के युवाओं और माता-पिता के लिए है। छोटे और बड़े शहर के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण फिल्म है। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित है और इसे सहजता और मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

## मोहित रैना ने चोट के बावजूद 'द फ्रीलांसर' की शूटिंग जारी रखी



जानेमाने अभिनेता मोहित रैना ने चोट के बावजूद अपनी आने वाली फिल्म 'द फ्रीलांसर' की शूटिंग जारी रखी। 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक', 'शिद्दत', 'भौकाल', 'मुम्बई डायरीज 26/11', और 'काफिर' जैसे प्रोजेक्ट्स में अहम रोल निभा चुके मोहित रैना जल्द हॉटस्टार स्पेशल्स के 'द फ्रीलांसर' शो में अविनाश कामथ की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस सीरीज में मोहित रैना सीरिया में फंसी एक लड़की का रेस्क्यू ऑपरेशन करते नजर आ रहे हैं। जबरदस्त एक्शन सीन्स से भरा यह ट्रेलर आउट हो गया है। शो की शूटिंग के दौरान मोहित रैना घायल हो गए थे।

मोहित रैना ने कहा, 'द फ्रीलांसर' के बिजी मुंबई शेड्यूल के बीच, मुझे घुटने की चोट का सामना करना पड़ा, जो निस्संदेह चुनौतियों का एक बाढ़ लेकर आयी।एक्टर के रूप में, हम अक्सर शर्तों को अपने नियंत्रण से बाहर कर लेते हैं, और उन समय में, पूरी टीम द्वारा निवेश किए गए समय और समर्पण का सम्मान करते हुए उसका ज्यादातर लाभ उठाना ज़रूरी है। पूरे क्रू के मजबुत सपोर्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे हम शूटिंग को सफलतापूर्वक पूरा कर पाए।' नीरज पांडे द्वारा निर्मित और भाव धूलिया द्वारा निर्देशित, यह शो 01 सितंबर, 2023 को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस 'शो में अनुपम खेर, कश्मीरा परदेशी, सुशांत सिंह, जॉन कोकेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक भी प्रमुख भूमिका हैं।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने नवनियुक्त प्रभारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद द्वारा प्रेम वाटिका में बैठक आयोजित हुई जिसमें नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष एवं प्रभारी को नियुक्ति पत्र दिए गए दिनांक 22/8/2023 को ब्लॉक कॉंसेस कमेटी गोहद शहर कॉंग्रेस कमेटी गोहद सहित सभी मोर्चा की बैठक दोपहर प्रेम वाटिका गोहद चौराहा रोड गोहद मे आयोजित की गई बैठक के प्रस्ताव मे समस्त कॉंग्रेस जन की जन भावनाओ एवं वक्तव्यों का सुना गया जिसमे सभी ने एक मत होकर कांग्रेस के लिये पूरी निष्ठा व ईमानदारी से लगन से कार्य करने की बात कही चूँकि निकट भविष्य में विधान सभा चुनाव होने है इसके लिये भी कांग्रेस जनो सर्व सम्मति से प्रस्ताव रखा गया कि गोहद विधान सभा हेतु कॉंग्रेस पार्टी का उम्मीदवार गोहद विधान सभा के कार्यकर्ताओं की जनभावनाओं के अनुरूप घोषित किया जावें।कि प्रत्याशी घोषित करने से पूर्व गोहद विधानसभा के समस्त कांग्रेस



कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से बिस्तृति चर्चा कराई जावे इस हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी से योग्य पर्यवैशक भेजने का भी प्रस्ताव किया गया।

चूंकि समय कम होने के कारण समस्त कांग्रेस कार्यकताओं को जन भावनाये है कि अति सीध्र पर्यवेक्षक गोहद विधान सभा में भेजने की बात कही चूंकि कार्यकर्ताओं की भावनाये है कि जमीन पर पार्टी का सम्पूर्ण कार्य कार्यकर्ता कर्ता है ऐसी स्थिति में कॉंग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुरूप कार्य करती है इसको द्रष्टिगत रखते हुये पुन- प्रदेश नेतृत्व को निवेदन किया- कि उम्मीदवार चयन से पूर्व विधान सभा क्षेत्र गोहद से रायसुमारी की जावे वही कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने सभी को नव नियुक्त प्रभारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए इस अवसर पर आशीष गुर्जर ,गणेशराम शर्मा, देवी सिंह तोमर, निरंजन सिंह राणा, डॉ राजकुमार देश लहरा, डॉ धर्मवीर दिनकर, केशव देसाई रेखा बसेड़िया, डॉ एम एल माहोर तहसीलशाह, रामजी सिंह गुर्जर, रमजान खान,रामकरण मिर्धा, भगवती प्रसाद शर्मा, रामनारायण हिंडोलिया,अवध किशोर उर्फ बंटी गुर्जर ,टोनी मुद्गल , जगदीश माहोर,साबू खान, जावेद पठान, ओम प्रकाश माहोर, बॉबी जर्मन, आशीष शर्मा, बृजेश कुमार, संग्राम सिंह तोमर,मालती जाटव, दिवाकर पंडा सहित लगभग 16 से अधिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



# ग्वालियर में कैलाश विजयवर्गीय जी का अभूतपूर्व स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक में ग्वालियर आये भाजपा के राष्टीय महासचिव कैलाश विजवर्गी का भव्य स्वागत किया गया। शहर के अधिकांस स्थलों पर कैलास विजयवर्गी के स्वागत तथा सम्मान में होडिंग तथा बैनर लगाए गए साथ ही ग्वालियर में कैलाश विजयवर्गीय के इस स्वागत तथा सम्मान का राजनीति के जानकारो में चर्चा का विषय बना हुआ है स्वागत करने वालो में संतोष सिकरवार के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओ ने कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत किया।

# लोक सेवाओं की विभिन्न गतिविधियां 15 सितम्बर तक

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

सतना। लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 अन्तर्गत 15 सितम्बर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रमों की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौपी गई है। जिसके अनुसार 24 अगस्त को आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता को लोकसेवा, जनसेवा, केन्द्रों की कार्य प्रणाली के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का दायित्व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया है। इसी प्रकार 29, 30, 31 अगस्त को स्कूल के छात्रों का लोकसेवा केन्द्र का भ्रमण जिला नियंत्रण कक्ष 181 का भ्रमण कराया जायेगा। कक्षा 9 से 12 वीं तक का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त बीईओ, समस्त संकुल प्राचार्य, प्रभारी जिला नियंत्रक कक्ष 181 स्मार्ट सिटी समस्त संचालक लोकसेवा केन्द्रों को सौंपा गया है। इसी प्रकार 1, 2, एवं 4 सितम्बर को जनसेवा मित्रों के माध्यम से ग्राम स्तर तक सेवा संबंधी सामग्री का वितरण का दायित्व सीएम फैलो एवं समस्त जनसेवा मित्रों को सौंपा गया है। 5, 6, एवं 7 सितम्बर को स्कूलों में निबंध क्विज पोस्टर प्रतियोगिता तथा नगद राशि पुरस्कार वितरण का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, समस्त बीईओ एवं बीआरसीसी, समस्त संकुल प्राचार्यों को सौंपा गया है। 8 से 13 सितम्बर तक की गतिविधियों का जनसम्पर्क के माध्यम से प्रचार-प्रसार का दायित्व जिला जन सम्पर्क अधिकारी को सौंपा गया है। 14 सितम्बर को जनसेवा, समाधान एक दिन में सर्वाधिक निराकरण करने वाले अधिकारी को प्रशंसा पत्र दिलाने का दायित्व प्रभारी अधिकारी लोकसेवा एवं जिला प्रबंधक लोकसेवा को तथा 15 सितम्बर को राज्य स्तर पर जिले से एक छात्र को राज्य स्तर पर पुरस्कार (प्रत्येक विधा में) का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, समस्त बीईओ एवं बीआरसीसी, समस्त संकुल प्राचार्य, प्रभारी अधिकारी लोकसेवा प्रबंधक, जिला प्रबंधक लोकसेवा, प्रबंधन को सौंपा गया है।

# विधायक कप फुटबाल प्रतियोगिता 23 एवं 24 अगस्त को सिंहपुर में

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना। खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के आदेशानुसार विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता जिले की विधानसभा क्षेत्र रैगांव के अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में 23 एवं 24 अगस्त को शा0उ0मा0वि0 के खेल मैदान में सम्पन्न होगा। विधानसभा क्षेत्र रैगांव की विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि फुटबाल प्रतियोगिता में पुरूष एवं महिला टीमें भाग ले सकती है। टीमें 23 अगस्त को खेल मैदान में पहुंचकर अपना पंजीयन कराकर खेल में भाग ले सकते हैं। खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को शील्ड, मेडल, प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे। खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को निःशुल्क भोजन व्यवस्था रहेगी। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क रहेगी और हर उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को किराया स्वयं वहन करना होगा।

# कलेक्टर ने जनपद मेहगांव पहुंचकर जनसुनवाई में लोगों की सुनी समस्याएं

## जिला मुख्यालय स्तर पर लोगों को न होना पड़े परेशान इस उद्देश्य से जनपद मेहगांव में की जनसुनवाई

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिले में नवाचार करते हुए पहल प्रारंभ की अब राज्य सरकार के




महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई में दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों के आमजनों को उनके निवास के समीप ही समस्याओं का समाधान और शासन की योजना का लाभ मिल सकेगा। इस पहल से दूरदराज से अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय स्तर पर आने के लिए परेशान नही होना होंगा। आज जनपद कार्यालय मेहगांव में कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जनसुनवाई में आवेदकों की बात सुनी और प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम मेहगांव विकास कुमार सिंह, तहसील स्तर के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे और आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के3 निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

# अखंड भारत संकल्प नहीं अब प्रयास दिवस मनाएंः सोनी

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि अब अखंड भारत संकल्प दिवस नहीं प्रयास दिवस मनाएं। यह सफलता तभी मिलेगी जब हम सांस्कृतिक, सामाजिक समरसता और एकजुटता का परिचय देंगे।वह रविवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना-नाहेप, कृषि विवि एवं अखंड भारत संकल्प समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विवि के कुलपति प्रो.अरविन्द शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डे थे। मुख्यवक्ता श्री सोनी ने कहा कि इजरायल के लोग 1800 साल तक कई देशो में भटकते रहे,लेकिन वह अपने देश को नहीं भूले। वह जब भी आपस में मिलते तो यही कहते थे कि अगली मुलाकात हमारी यरुशलम में होगी। जबकि हमारे देश का बंटवारा 1947 में हुआ है। इतने कम समय में भी हमारे लोगों को यह नहीं पता है कि पाकिस्तान में हमारे कौन-कौन से प्रांत गए हैं। उन्होंने कहा कि युवा चिंतन-मनन कर अखंड भारत के लिए प्रयास करें। अपनी गुलामी की मानसिकता और इसके चिन्हों को मिटाने का प्रयास करें। श्री सोनी ने कहा कि वर्तमान में विश्व पटल पर भारत की भूमिका बढ़ती जा रही है। कुलपति



श्री शुक्ला ने पुराणों का उद्धरण देते हुए कहा कि भारत की सभ्यता एशिया महाद्वीप तक थी। भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति अपनी इच्छाशक्ति से खंड-खंड भारत का अखंड भारत बना सकता है। इससे पहले अतिथियों का परिचय मुनीन्द्र कुशवाह ने दिया। अतिथियों का स्वागत राजेन्द्र शर्मा, विवेकानंद भदौरिया, प्रो.चन्द्रशेखर मालवीय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.वीरेन्द्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका स्मृति में प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# जनसुनवाई में 86 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना ।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में




आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 86 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार अपर कलेक्टर ऋषि पवार एवं डिप्टी कलेक्टर गोविन्द सोनी ने आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बिरसिंहपुर निवासी मो. रईस अपने 12 साल के श्रवण बाधित पुत्र फैजल को लेकर जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पहुंचे। रईस ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपने पुत्र के लिए हियरिंग एड (कान की मशीन) की मांग की। कलेक्टर ने तत्काल मशीन उपलब्ध कराने का निर्देश उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह को दिये। कलेक्टर कक्ष में फैजल को बुलाकर कान की मशीन लगाई गई। मशीन लग जाने पर कलेक्टर ने फैजल से नाम, पता पूछा। सब कुछ सुनाई देने पर फैजल ने खुशी-खुशी जबाब देने लगा। इस सौगात के लिए मासूम फैजल ने कलेक्टर श्री वर्मा को धन्यवाद दिया। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर आवेदक जनसुनवाई में पहुंचे।

# युवा कार्यकर्ता ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को लिखा खूनी पत्र

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** आगामी वर्ष 2023 के होने वाले चुनाव की तैयारी जोरों पर हैं जहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाल सिंह आर्य को प्रत्याशी बनाया है जिसको लेकर विधानसभा क्षेत्र में विरोध के स्वर उठने लगे हैं जहां युवा कार्यकर्ता भाजपा जिला महासचिव जोगेंद्र भीमसेन गुर्जर निवासी ऐनो ने केंद्रीय उड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपने खून से एक पत्र लिखा जिसमें खून से लिखा गया कि



जो टिकट लाल सिंह आर्य को दिया गया है उसमें रणबीर जाटव से अनदेखी की गई है जिससे कि कार्यकर्ताओं में रोष है युवा कार्यकर्ता ने खून से पत्र लिखते हुए मांग की है कि टिकट रणवीर जाटव को टिकट दिया जाए जिससे युवाओं में जोश आ सके अभी युवा आहत है।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478